राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 19 अंक: 357 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली में प्रदूषण से नहीं मिल रही राहत, हवा बेहद खराब।

## कांग्रेस 5 जनवरी से करेगी मनरेगा बचाओ देशव्यापी आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने मनरेगा समाप्त करने के विरोध में 5 जनवरी से मनरेगा बचाओ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। यह निर्णय पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की शनिवार को यहां हुई बैठक में लिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं, बल्कि अधिकार-आधारित संरचना थी, जिसने देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार दिया। नई वीबी-जी राम जी योजना प्रत्यक्ष अधिकार ढांचे पर प्रहार है और यह राज्यों की संघीय संरचना पर भी आक्रमण है, क्योंकि केंद्र अब राज्यों से धन वापस खींच रहा है। इसका प्रभाव गरीब जनता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा आघात करेगा। खरगे ने कहा कि संसद में 16 दिसंबर को केंद्र सरकार ने स्वयं स्वीकार किया था



कि नीति आयोग के अध्ययन में मनरेगा से टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण की पुष्टि हुई है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि कोरोना महामारी काल में मनरेगा ने प्रवासी मजदूरों को रोजगार सुरक्षा प्रदान कर ग्रामीण संकट प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह निर्णय कैबिनेट में चर्चा के बिना सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय से लिया गया। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों लोगों के लिए कानूनी मजदूरी अधिकार की गारंटी था। नई योजना उस अधिकार आधारित ढांचे को क्षति पहुंचाती है और संघीय संतुलन को भी बाधित करती है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गरीब वर्ग को गंभीर क्षति होने की आशंका है।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा एकतरफा लिया गया और इसका नीतिगत लाभ चुनिंदा उद्योगपतियों तक केंद्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस मनरेगा को मजबूत करने वाली विरासत की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और संघीय ढांचे तथा ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार मनरेगा के स्थान पर "विकसित भारत: रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी- जी राम जी योजना लेकर आई है।

## दशम पातशाह परिवार का बलिदान राष्ट्र हित की कुर्बानी के लिए प्रेरणादायी: सीएम सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दशम पातशाह श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के परिवार के बलिदान से जुड़ी कहानी जितनी बार पढ़ेंगे, सुनेंगे और जानेंगे उतनी बार ही राष्ट्र हित में बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए प्रेरित होंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिरसा में आयोजित राज्य स्तरीय वीर बाल दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

राज्य के 3450 स्कूलों के 6 लाख विद्यार्थियों ने हिन्दी, पंजाबी, अंग्रेजी व संस्कृत विषयों पर आयोजित निबंध प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें हिन्दी में जीन्द की प्रियंका, पंजाबी में कैथल की चरणजीत कौर, संस्कृत में अम्बाला की रिद्धि तथा अंग्रेजी में अम्बाला की जसलीन कौर अव्वल रही।

मुख्यमंत्री ने इन विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा दूसरे स्थान के विजेताओं को 11-11 हजार रूपए तथा तीसरे स्थान के विजेताओं को 5100-5100 रुपए देकर पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार गुरु साहिबान की शिक्षाओं व सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें बलिदान के प्रति श्रद्धा और चेतना का एक निरंतर प्रवाह देखने को मिला।

### महान विरासत को नमन कर रहे हैं: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वीर बाल दिवस समारोह दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों की अमर शहादत को समर्पित है। सिरसा की इस ऐतिहासिक धरा पर सबके बीच आकर उनका हृदय श्रद्धा और गर्व से भर उठा है। उन्होंने कहा कि आज उस महान विरासत को नमन कर रहे हैं, जिसने भारत की अस्मिता को बचाया। इसके साथ ही, मानवता को धर्म और सत्य के लिए सर्वोच्च बलिदान करने का मार्ग भी दिखाया।

## नितिन बनेंगे भाजपा के अध्यक्ष!

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में 15 दिसंबर को भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला था। भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी अठकने पार्टी सूत्रों के हवाले से दी है। सूत्रों के अनुसार उनकी नियुक्ति का ऐलान 20 जनवरी को किया जा सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 18 से 20 जनवरी के बीच पूरी होने की संभावना है। नितिन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे इस पद पर पहुंचने वाले सबसे युवा होंगे। उनका कार्यकाल जनवरी 2029 तक रहेगा। 2029 में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित होने के कारण उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। पार्टी देशभर के प्रदेश अध्यक्षों को 15 जनवरी के बाद दिल्ली बुलाने की तैयारी में है। इससे पहले 2028 जेपी नड्डा को भी कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। बाद में उन्हें ही स्थायी अध्यक्ष बनाया था।

नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला था। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया था।

नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला था। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया था।





### 14 दिसंबर को कार्यकारी अध्यक्ष बने नितिन नबीन



बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी बनाया गया था। 45 साल के नबीन 2010 से बिहार की बांकीपुर सीट से विधायक हैं। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। भाजपा ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को अपना कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। वे इस पद पर पहुंचने वाले सबसे युवा नेता हैं। उम्र है महज 45 साल। अमित शाह जब अध्यक्ष बने थे तो उनसे 5 साल बड़े यानी 50 साल के थे। सूत्रों के मुताबिक, नितिन नबीन को भी इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने की भनक नहीं थी।

**संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया आधे से ज्यादा राज्यों में पूरी**

भाजपा संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पार्टी शासित आधे से ज्यादा राज्यों में पूरी हो चुकी है।

### तैयारी

- चुनाव 18 जनवरी से शुरू होंगे, 20 को ऐलान होगा, इसी महीने कार्यकारी अध्यक्ष बने

37 में से 29 राज्यों में आंतरिक चुनावों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इन राज्यों के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा करेंगे। इसके अलावा भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी नितिन नबीन के पक्ष में एक अलग सेट में नामांकन दाखिल करेंगे। सूत्रों ने बताया कि नितिन नबीन के समर्थन में दाखिल नामांकन पत्रों पर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दस्तखत भी होंगे। सूत्रों का दावा है कि नितिन नबीन ही एकमात्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले हैं, इसलिए भाजपा के मुख्य चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण नामांकन पत्रों की जांच के बाद उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। इस मौके पर भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों को दिल्ली में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर में जन समस्याएं सुनते हुए।

## 5100 महिलाओं को दिए नि:शुल्क गैस कनेक्शन एवं सिलेंडर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 5100 बहनों को निःशुल्क गैस कनेक्शन सिलेंडर और पूरा उज्ज्वला सेट त्यागराज स्टेडियम में आयोजित वितरण कार्यक्रम में दिया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कहा कि दिल्ली में अब तक लगभग 2.5 लाख से ज्यादा



परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त 13 हजार से ज्यादा नए लाभार्थी भी स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में उज्ज्वला योजना महिलाओं को धुएं भरी रसोई से मुक्त कर उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अधिकार देती है। रसोई में गैस कनेक्शन की सुविधा गृहिणी के समय, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान की रक्षा है। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, कैबिनेट मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक अनिल शर्मा, नीरज बसोया सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### सम्मान-सुरक्षा

- उज्ज्वला योजना महिलाओं को धुएं भरी रसोई से मुक्त कर उन्हें आत्मनिर्भरता का अधिकार देती है

## पीएम मोदी ने गुरु गोबिंद सिंह को किया नमन

**टीम एक्शन इंडियाा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि गुरु गोबिंद सिंह साहस, करुणा और बलिदान के प्रतीक हैं। उनका जीवन और शिक्षाएं सभी को सत्य, न्याय, धर्म और मानव गरिमा की रक्षा के लिए प्रेरित करती हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर गुरु गोबिंद सिंह जी के पवित्र प्रकाशोत्सव के अवसर पर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री ने तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब की अपनी यात्रा के कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जहां उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह और माता साहिब कौर के पवित्र 'जोड़े साहिब' (चरण पादुका) के 'दर्शन' किए



थे।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी दी शुभकामनाएं**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पोस्ट किया, गुरु गोबिंद सिंह बलिदान के प्रतीक हैं। एकता, करुणा और सभी के प्रति सम्मान पर आधारित सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण के लिए उनकी शिक्षाएं मानवता का मार्गदर्शन करती रहें।

## 'अवसर मिलने पर बेहतर प्रदर्शन करती हैं महिलाएं..'

### जैन संत श्रीमद राजचंद्र की विरासत सदियों तक लोगों का मार्गदर्शन करती रहेगी: राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**वलसाड (गुजरात):** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि महिलाओं ने साबित कर दिया है कि जब उन्हें समान अवसर मिलता है, तो वे पुरुषों जितना अच्छा या उससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। यह बात उन्होंने गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में कही, जहां वह श्रीमद राजचंद्र सर्वमंगल महिला उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जैन संत श्रीमद राजचंद्र की विरासत सदियों तक लोगों का मार्गदर्शन करती रहेगी। केंद्र का निर्माण 11 एकड़ में हुआ है और यह महिलाओं को कौशल विकास और आजीविका में मदद करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने 2022 में इसका शिलान्यास डिजिटल माध्यम से किया था। यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और आध्यात्मिक चिंतन का समय देने में मदद करेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'सेवा' की एला भट्ट और 'श्री महिला गृह उद्योग' की संस्थापक जसवंतीबेन पोपट ने समान अवसर मिलने पर पुरुषों की तरह या उनसे बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं ही पूरी तरह इस उत्कृष्टता केंद्र का संचालन करेंगी। यह महिला उद्यमिता को मजबूत करेगा।

### महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे: राजनाथ

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का उत्तम उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने कहा कि यह परिसर महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है। यहां के उत्पाद जब वैश्विक बाजार में जाएंगे, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रोत्साहित करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा, श्रीमद् राजचंद्रजी ने मात्र 34 वर्ष की आयु में ही देह त्याग दी।

## हरियाणा में निकाय चुनाव की तैयारी शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नए साल के दौरान स्थानीय निकाय के चुनाव होंगे। इसके लिए सरकार व भाजपा संगठन ने जहां तैयारी शुरू कर दी है, वहीं निकाय विभाग वार्डबंदी कार्यों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। फिलहाल 6 निकायों में वार्ड बंदी का काम पूरा हो गया, जिनमें 3 निकायों में वार्ड भी आरक्षित किए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने वार्डबंदी का कार्य पूरा होने की अधिसूचना जारी कर दी है। जल्द ही नगर निगमों के मेयर, नगर पालिकाओं व नगर परिषदों के मेयर और अध्यक्ष पदों को आरक्षित करने का निर्णय लिया जा सकता है।अधिसूचना के अनुसार, नगर परिषद रेवाड़ी में 32 वार्ड हैं और वार्डों को सीमाएं निर्धारित कर दी हैं। नगर निगम सोनीपत में 22 वार्ड हैं और अंबाला में कुल 20 वार्ड हैं। इन दोनों ही नगर निगमों में भी वार्डों की सीमाएं निर्धारित कर दी हैं और इन्हीं सीमाओं के आधार पर चुनाव होगा।

प्रदेश के रेवाड़ी की धारूहेड़ा, रोहतक की सांपला नगर पालिका और हिसार की उकलाना नगर पालिका में वार्ड भी आरक्षित कर दिए गए हैं। अभी नगर निगम पंचकूला में वार्डबंदी फाइनल नहीं हो सकी है। हरियाणा में नगर निगम चुनाव को लेकर विपुल गोयल ने कहा कि सभी नगर निगम वार्डों की वार्ड बंदी हो चुकी है समय पर नगर निगम के चुनाव होंगे।

## हिमाचल प्रदेश जाना जाएगा औषधियों गुणों से युक्त भांग के लिए, बढ़ेगी किसानों की आमदनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एक ऐतिहासिक 'ग्रीन टू गोल्डइ पहल की शुरूआत की है। राज्य सरकार का यह साहसिक आर्थिक प्रयोग औद्योगिक भांग की खेती को वैध और विनियमित कर हिमाचल की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बायो-इकॉनोमी में अग्रणी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



दशकों से कुल्लू, मंडी और चंबा जैसी घाटियों में जंगली रूप से उगने वाली भांग को अब तक केवल नशे और अवैध व्यापार से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने औषधीय गुणों से युक्त इस प्राकृतिक संपदा को एक बहुमूल्य औद्योगिक संसाधन के रूप में पहचाना है। इसका उपयोग पर्यावरण के अनुकूल कपड़ा उद्योग, पेपर एवं पैकेंजिग, कॉसमैटिक, बॉयो फ्यूल, एनर्जी इंडस्ट्री में करने के साथ इससे बायो-प्लास्टिक जैसे अत्याधुनिक उत्पाद भी तैयार किए जा सकेंगे। पहाड़ी राज्य हिमाचल सही मानको तथा पॉलिसी के साथ पर्यावरण हितैषी औद्योगिक विकास का मुख्य केन्द्र बनकर उभरेगा। इस नीति का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि औद्योगिक उपयोग के लिए उगाई जाने वाली भांग में टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टी.एच.सी.) की मात्रा 0.3 प्रतिशत से कम रखी जाएगी। इसके तहत वैज्ञानिक मानक सुनिश्चित करते हुए पौधे में नशे रहित रखा जाएगा ताकि इसका दुरुपयोग न हो सके। इसके अतिरिक्त इस पौधे की उच्च गुणवत्ता युक्त फाइबर और बीज उत्पादन क्षमता बनी रहेगी। इस दृष्टिकोण के माध्यम से मुख्यमंत्री ने सामाजिक सरोकारों और आर्थिक प्रगति के बीच एक आदर्श संतुलन स्थापित किया है।

## पूर्व विधायक सेंगर मामले में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची सीबीआई

**नई दिल्ली।** उन्नाव रेप मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को ट्रायल कोर्ट की ओर से मिली उम्रकैद की सजा पर रोक लगाने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 23 दिसंबर को पूर्व विधायक की सजा पर रोक लगाते हुए जमानत दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका के लंबित रहने के दौरान सजा को निलंबित रखने का आदेश दिया था।

## मतदाता सूची में विशेष संशोधन के बाद असम में 10.56 लाख नाम कटे

**टीम एक्शन इंडियाा**

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से पहले असम में मतदाता सूची को दुरुस्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। चुनाव आयोग ने विशेष पुनरीक्षण (स्पेशल रिवीजन) के बाद राज्य की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। इस प्रक्रिया में 10 लाख 56 हजार 291 नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि इसका मकसद त्रुटिरहित और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि आने वाले चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए जा सकें। चुनाव आयोग की ओर से जारी एकीकृत



ड्राफ्ट सूची के अनुसार, असम में अब कुल 2 करोड़ 51 लाख 9 हजार 754 पंजीकृत मतदाता हैं। 93 हजार 21 डी-वोटर शामिल नहीं हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन नामों को हटाया गया है, वे मृत्यु, स्थानांतरण या डुप्लीकेट प्रविष्टियों के कारण सूची में बने हुए थे। इन्हें हटाकर मतदाता सूची को साफ किया गया है। विशेष पुनरीक्षण के दौरान कुल 10,56,291 नाम हटाए गए। इनमें से 4,78,992 नाम ऐसे थे, जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी थी।

# यूपीः जी राम जी के फायदे बताने के लिए गांव-गांव लगेगी चौपाल

**सरकारी कार्यालयों, सामुदायिक सभागारों, ग्राम पंचायत भवनों और ग्राम सभा स्थलों पर लगेंगे पोस्टर, योजना के जरिए रोजगार, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर देने की ठोस पहल शुरू**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में रोजगार को लेकर योगी सरकार की सोच जमीन पर उतरती दिख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत विकसित भारत जी राम जी योजना के जरिए गांव-गांव रोजगार, प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर देने की ठोस पहल शुरू हो गई है। सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार तक काम की गारंटी पहुंचे और रोजगार की जानकारी गांव-गांव लोगों को चौपाल लगाकर दी जाए। सीएम योगी ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।इस दिशा में प्रदेश भर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों और ग्राम सभाओं में पोस्टर, बैनर और





वाल पेंटिंग के जरिए लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही चौपालों पर संवाद के जरिए सीधे आम लोगों को रोजगार संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

**हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा सीधा लाभ**

इस अभियान के तहत रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसका मकसद सिर्फ योजना बनाना नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाना है। इसके तहत चौपाल पर चर्चा के साथ घर-घर योजना की जानकारी दी जाएगी। गांव-गांव लगने वाली इन चौपालों में लोगों को रोजगार की योजनाओं, काम के अवसरों और अधिकारों के बारे में बताया जाएगा।

**अपनी जरूरतें और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे**

पोस्टर, बैनर और वाल पेंटिंग से योजना का प्रचार किया जाएगा। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, स्कूलों, सामुदायिक हॉल और सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार सामग्री लगाई जाएगी। जिससे कोई भी व्यक्ति इसकी जानकारी से अछूता न रहने पाए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भी संदेश से संबंधित लोगो लगाए जाएंगे। सभी तक जानकारी पहुंचाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया है। योगी सरकार का प्रयास है कि रोजगार से जुड़े फैसलों में आमजन की भागीदारी रहे। चौपालों के माध्यम से लोग अपनी जरूरतें और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे।

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में साबित होगा बड़ा कदम**

मुख्यमंत्री योगी का अधिकारियों को स्पष्ट संदेश है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव मजबूत होंगे और हर हाथ को काम मिलेगा। इसी सोच के साथ प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि हर जरूरतमंद तक पहुंचें। यह अभियान न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

# रायपुर सहित प्रमुख शहरों में रेल संचालन क्षमता दोगुनी करने की ऐतिहासिक योजना



**महत्वाकांक्षी**

**छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर भी राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वाकांक्षी योजना में शामिल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर/एस कुमार**

भारतीय रेलवे द्वारा अगले पाँच वर्षों में देश के 48 प्रमुख शहरों में रेलगाड़ियों की संचालन क्षमता को दोगुना करने की जो महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है, उसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को भी शामिल किया गया है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के करोड़ों यात्रियों के लिए बड़ा तोहफा है और इससे राज्य की कनेक्टिविटी, व्यापार, उद्योग तथा पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे का व्यापक आधुनिकीकरण हो रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा घोषित इस योजना से छत्तीसगढ़ जैसे उभरते हुए राज्य को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रायपुर जंक्शन देश के प्रमुख रेल जंक्शनों में से एक है और यहाँ प्रतिदिन लाखों यात्री आवागमन करते हैं। संचालन क्षमता दोगुनी होने से लोगों को अधिक ट्रेनें, बेहतर आवृत्ति तथा कम भीड़भाड़ का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर के साथ-साथ अन्य औद्योगिक और वाणिज्यिक नगरों के लिए भी यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। रेल संरचना के विस्तार से निवेश, रोजगार और लॉजिस्टिक्स की सुगमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी। रेल मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2030 तक संचालन क्षमता दोगुनी करने के लिए मौजूदा टर्मिनलों पर अतिरिक्त प्लेटफार्म, पिट लाइन एवं स्टेबलिंग लाइन का निर्माण, शहरी क्षेत्र और आसपास नए टर्मिनलों की स्थापना, सिग्नलिंग, यार्ड आधुनिकीकरण और मल्टीट्रैकिंग के माध्यम से अनुभागीय क्षमता में वृद्धि और मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स एवं आधुनिक रखरखाव सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रायपुर में इन सुविधाओं के विकसित होने से आम यात्रियों के साथ-साथ छात्रों, मरीजों, उद्योगपतियों और व्यापारियों सभी वर्गों को राहत मिलेगी। राज्य सरकार रेलवे मंत्रालय के साथ समन्वय स्थापित कर इस योजना को तेज गति से धरातल पर उतारने के लिए हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने

# योगी सरकार की ऊर्जा नीति से यूपी में सुधार तेज



**पारदर्शी**

**स्मार्ट मीटरिंग और निगरानी से मजबूत हुई प्रणाली, 68,24,654 मीटर स्थापित कर बिलिंग की दिशा में कदम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में जिस गति और स्तर पर तकनीकी परिवर्तन का साक्षी बन रहा है, वह न केवल प्रदेश का बल्कि पूरे देश के लिए एक मॉडल बनता जा रहा है। वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था में स्मार्ट मीटरिंग के जरिए पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता हितों के संरक्षण का वर्ष साबित हुआ है। यूपी में अब तक लगभग 68,24,654 (68 लाख, 24 हजार, 654) स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। अभी तक प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3,20,187 सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन हो चुके हैं। यही नहीं यूपी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में सुधार को प्राथमिकता देते हुए उपभोक्ताओं के हितों को केंद्र में रखकर काम किया है। डिजिटल तकनीक आधारित स्मार्ट मीटरिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत न केवल बिजली वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आई है, बल्कि राजस्व संग्रहण में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश में 3,09,78,280 (3 करोड़, 9 लाख 78 हजार 280) स्मार्ट मीटर स्वीकृत किए जा चुके हैं।

# सतना में बनाएंगे नया इंडस्ट्रियल पार्कः सीएम डॉ. यादव



**उद्योग-व्यापार**

**विंध्य व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिए सतनावासी बधाई के पात्र हैंः सीएम मोहन यादव**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष, उद्योग, रक्षा सहित सभी क्षेत्रों में विश्व में अपनी उपलब्धियों का परचम लहरा रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश में उद्योग-व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव करने के निर्णय की सराहना की है। इन्हें अब जिला स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा। पहले कटनी में माइनिंग सेक्टर पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई, अब सतना में एमएसएमई सेक्टर पर आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। प्रदेश सर्व सुविधा युक्त बनें, मध्य प्रदेश विकास की दौड़ में सबसे आगे रहे और युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए राज्य सरकार हर कदम पर उद्यमियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना में विंध्य व्यापार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सतना, विंध्य क्षेत्र में व्यापार-व्यापार का बड़ा केंद्र है। विंध्य व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिए सतनावासी बधाई के पात्र हैं।

# पुण्यभूमि मथुरा-वृन्दावन में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का भव्य स्वागत

**चुनौतियां**

**योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएं और आगामी चुनौतियों के लिए पूरी निष्ठा से जुट जाएं**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष माननीय पंकज चौधरी के प्रथम मथुराझवृन्दावन आगमन पर शनिवार एन.के. ग्रुप वृन्दापुरम, जीएलए यूनिवर्सिटी के समीप, नेशनल हाईवे पर भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर इकाई द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मथुरा महानगर जिलाध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित समर्पित एवं देवतुल्य कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के साथ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, विधान परिषद सदस्य एवं मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, सांसद सतीश गौतम, पूर्व ऊजार्मंत्री एवं विधायक कांत शर्मा,ठा. मेघश्याम, विधान परिषद सदस्य ठा. ओमप्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकताओं से कहा कि मथुराझवृन्दावन की पुण्य भूमि से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और विकास को नई गति मिली है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करें, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएं और आगामी चुनौतियों के लिए पूरी निष्ठा से जुट जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मथुरा महानगर का संगठन पार्टी को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ब्लॉक प्रतिनिधि शोभाराम शर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम चंद्रपाल कुंतल संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी अंकुर अग्रवाल हरिओम शर्मा महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ज्ञानेंद्र राणा विनीत शर्मा सुरेंद्र प्रधान ललित गौतम पार्षद हनुमान विजय शर्मा गुर्जर नितिन चतुर्वेदी मनोज सौनोठ महेश काजू आशीष शर्मा हेमंत खंदौली पार्षद तरुण सैनी अनीश वर्मा मंडल अध्यक्ष नितिन कौशिक लोकेश निषाद जितेंद्र वार्ष्णेय कान्हा शर्मा प्रकाश गौड़ अजय सिंह राजावत सुनील तरकर हाकिम सिंह टीटू राघव आदि मौजूद थे।

# केएम हॉस्पिटल ने जुनसिटी में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शिविर**

**बाल रोग से ग्रस्त बीमारों को निःशुल्क परामर्श के साथ बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई**



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** गांव उस्फार के समीप जुनसिटी गांव में बाग वाले बाबा के यहां केएम हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लगाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। केएम मेडीकल एंड कालेज की डाक्टर्स टीम द्वारा गांव में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें परामर्श और निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें नियमित जांच के प्रति जागरूक करना रहा। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही मेडीसन, हड्डी, स्त्री रोग, बाल रोग से ग्रस्त बीमारों को निःशुल्क परामर्श के साथ बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच भी बिना किसी शुल्क के की, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और श्रमिक वर्ग को विशेष लाभ मिला। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गई।

# मूल विद्यालय वापसी एवं स्थान्तरण का शिक्षा मित्र कर रहे इंतजार

**प्रक्रिया**

**जनपद में अभी तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा मित्रों के स्थान्तरण आदि की प्रक्रिया शुरू नही हुई**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षा मित्र के रूप में कार्य कर रहे तमाम शिक्षा मित्र वर्षो से अपने मूल विद्यालय वापसी एवं विवाहित महिलाएं अपनी ससुराल के विद्यालयों में स्थान्तरण की आस लगाए बैठे हैं और वर्षो से सरकार से इसकी मांग करते चले आ रहे हैं 3 जनवरी 2025 को स्थान्तरण के सम्बंध में प्रमुख सचिव ने इस सम्बंध में शासनादेश जारी किया था लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारियो को इस सम्बंध में दिशा निर्देश जारी नही किये गए , इसके बाद शिक्षा मित्र लगातर सरकार एवं अधिकारियों से स्थान्तरण के दिशा निर्देश जारी करने की मांग करते रहे । जिसके बाद 12 दिसम्बर को निदेशक बेसिक शिक्षा ने प्रदेश के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा मित्रों के स्थान्तरण एवं मूल विद्यालय वापसी के लिए विस्तृत निर्देश जारी करते हुए जल्द पूरा करने के आदेश जारी किए लेकिन जनपद में अभी तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा मित्रों के स्थान्तरण आदि की प्रक्रिया शुरू नही की गई है।




सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले में रोज सज रही भारत की लोक कलाओं की अनुपम झलक।

**राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेन्टर में श्रमिकों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्था का शुभारंभ**

# मुख्यमंत्री ने 4224 श्रमिकों को 12.89 करोड़ की सहायता राशि हस्तांतरित की

**हस्तान्तरित**

**4224 लाभार्थी श्रमिकों के खातों में 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार की धनराशि हस्तान्तरित की गई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उत्तराखंड भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 4224 श्रमिकों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार की सहायता राशि हस्तांतरित की। साथ ही श्रमिकों की सुविधा के लिए राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेंटरों में विशेष व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से श्रमिकों की हर समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनके माध्यम से उन्हें आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण तथा सम्मानजनक जीवन प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके आश्रितों की आजीविका के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर उनको कौशल विकास से भी जोड़ने का कार्य भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक हमारे राज्य के विकास की सबसे मजबूत नींव हैं। बुनियादी ढांचे के निर्माण में श्रमिकों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का दायित्व है कि जो लोग प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका



निभाते हैं उनका एवं उनके परिजनों का भविष्य भी सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि राज्य के 191 कॉमन सर्विस सेंटरों में श्रमिकों के लिए शुरू की गई विशेष व्यवस्था से अब उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही ब्लॉक तहसील एवं गांव स्तर में ही सीएससी के माध्यम से श्रमिकों को पंजीकरण, नवीनीकरण और योजनाओं से जुड़ी हर सहायता एक ही स्थान पर मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मकार बोर्ड द्वारा अब तक 51 करोड़ रुपए की धनराशि विगत 06 माह में श्रमिको एवं उनके परिजनों के खातों में हस्तान्तरित की जा चुकी है। पूर्व में कर्मकार बोर्ड द्वारा श्रमिको के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा लाभ के आवेदन के लिए विकासखण्ड स्तर पर व्यवस्था का शुभारम्भ भी किया जा चुका है। श्रम आयुक्त श्री पी.सी. दुम्का ने कहा कि बोर्ड की ओर से निरंतर श्रमिकों के हित में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री धामी की ओर से 4224 लाभार्थी श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार की धनराशि हस्तान्तरित की गई है। भविष्य में भी बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री के विजन सरलीकरण समाधान निस्तारण और संतुष्टि के अनुसार ही कार्य किया जाएगा।

# थिंक गैस ने कांगड़ा में सीएनजी के दाम घटाए

**टीम एक्शन इंडिया**

**कांगड़ाः** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा एकीकृत शुल्क में संशोधन के बाद थिंक गैस ने कांगड़ा में सीएनजी के मूल्यों में कटौती की घोषणा की है जिससे इस क्षेत्र में परिवहन ईंधन कहीं अधिक किफायती हो जाएगा। संशोधित कीमतें 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होंगी।संशोधित शुल्क लागू होने से शुल्क की नई रूपरेखा के तहत कांगड़ा में सीएनजी के दाम घट जाएंगे जिससे जिससे रोजाना दफ्तर,दुकान आने जाने वालों,ऑटो ड्राइवरों,टैक्सी ऑपरेटरों और सार्वजनिक परिवहन के ऑपरेटरों को लाभ होगा। संशोधित शुल्क के तहत सीएनजी अब 83.75 रुपये प्रति किलोग्राम मूल्य पर उपलब्ध होगी जिससे मूल्य कटौती का यह लाभ थिंक गैस के उपभोक्ताओं को सीधे मिल सके यह सुनिश्चित होगा। थिंक गैस के चीफ मार्केटिंग एवं कॉमर्शियल ऑफिसर विनुकुमार बालकृष्णन ने कहा कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड द्वारा एकीकृत शुल्क संशोधन से हम उपभोक्ताओं को बेहतर मूल्य उपलब्ध करा सकेंगे। इससे परिवारों को कहीं अधिक कुशलता से खाना पकाने का खर्च संभालने में मदद मिलेगी और सीएनजी यूजर्स को ईंधन पर अधिक बचत होगी।उन्होंने कहा कि इस संशोधन से परिवारों को पीएनजी की कीमतों में करीब 5-6 प्रतिशत बचत का लाभ मिलेगा।

इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रवीण खंडेलवाल और निगम पार्षद अनिता जैन भी मौजूद रहे

# सीएम ने शालीमार-पीतमपुरा में अटल कैंटीन का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग और पीतमपुरा में आज अटल कैंटीन का शुभारंभ किया और वहीं भोजन भी किया। इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रवीण खंडेलवाल और निगम पार्षद अनिता जैन भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि अटल कैंटीन में मात्र 5 रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के अंत्योदय के विचार से प्रेरित यह पहल दिल्ली के निर्माण और संचालन में जुटे हमारे मेहनतकश भाइयों और बहनों के लिए सम्मान और सहारा है। हमारी सरकार शालीमार बाग के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र में निरंतर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है, ताकि हर परिवार को सुविधा, हर श्रमिक को सम्मान और हर नागरिक को भरोसा मिले। मुख्यमंत्री ने 25 दिसंबर को अटलजी की जयंती पर अटल कैंटीन योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत राजधानी में 100 अटल कैंटीन शुरू करने की योजना है।





**पुनर्विकास**

अटल कैंटीन में मात्र 5 रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध है: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

पहले चरण में मुख्यमंत्री ने दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर 45 अटल कैंटीन का उद्घाटन किया था। अटल कैंटीन में पहले दिन यानी 25 दिसंबर को 17,587 और 26 दिसंबर को 15,805 लोगों ने पांच-पांच रुपये में भोजन किया।

**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तम नगर में अटल गार्डन विकास कार्यों की रखी नींव**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ उत्तम नगर में अटल गार्डन के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिवारों, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं के लिए एक सुंदर और सुलभ स्थान बनेगा, जहां सभी लोग गुणवत्तापूर्ण समय बिता सकेंगे।

## अटल गार्डन परियोजना पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के विचार से प्रेरित है: सीएम रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अटल गार्डन परियोजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के उस विचार से प्रेरित है, जिसमें विकास प्रकृति और संस्कृति के साथ संतुलन बनाकर किया जाता है। उन्होंने बताया कि नजफगढ़ नाले के पास स्थित उपेक्षित भूमि को एक आकर्षक और आधुनिक पार्क में बदला जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि अटल गार्डन में तालाब, छठ घाट, 12 फीट ऊंची अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा और आकर्षक फाउंटेन लगाए जाएंगे। इसके साथ ही हरियाली, लैंडस्केपिंग,



खुले प्लाजा, वॉकिंग पाथवे, एम्फीथिएटर, बच्चों के लिए प्लेग्राउंड और फूड कोर्ट की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। पार्क में पब्लिक स्टेज, शौचालय और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि उत्तम नगर के लोगों की लंबे समय से एक अच्छे पार्क की मांग थी। दिल्ली सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है और विकास कार्य शुरू हो चुका है, जो अगले चार महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्थान जल्द ही उत्तम नगर का एक प्रमुख दर्शनीय स्थल बनेगा। साथ ही क्षेत्र में पानी और सीवर से जुड़े कई अन्य विकास कार्य भी चल रहे हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय तक उत्तम नगर में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ।

# फिर से जहरीली हो रही फिजा... छाई धुंध की मोटी चादर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी में हवा की गति धीमी होने और तापमान गिरने के कारण शुक्रवार को हवा एक बार फिर से खराब से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। जो शनिवार को भी बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। फिर सुबह की शुरूआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई, जिससे चलते विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। शनिवार सुबह राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 353 दर्ज किया गया है। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 377, आनंद विहार में एक्यूआई 410, अशोक विहार में 388, आया नगर में 272, बवाना में 400, बुराड़ी में

**हवा जहरीली**

फिर सुबह की शुरूआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई, विजिबिलिटी बेहद कम हो गई

342, चांदनी चौक इलाके में 380 एक्यूआई दर्ज किया गया है। डीटीयू में 402, द्वारका सेक्टर 8 इलाके में 366, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 259, आईटीओ में 379, जहांगीरपुरी में 415, लोधी रोड 270, मुंडका 377, नजफगढ़ में 271, नरेला में 408, पंजाबी बाग में 361, आरकेपुरम 363, रोहिणी 409, सोनिया विहार 370, विवेक विहार 424, वजीरपुर में 397 दर्ज किया गया है।

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने ट्यूलिप बल्ब के पौधों का किया रोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शनिवार को पालम के चिल्ड्रन्स पार्क में ट्यूलिप बल्ब के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि आज दिल्ली में पहला ट्यूलिप लगाकर एनडीएमसी ट्यूलिप महोत्सव का आयोजन कर रहा है। 2017 में जब पहली बार ट्यूलिप का पौधा आया तो इसी पार्क में इसका रोपण किया गया था। उन्होंने कहा कि खुशी है कि इस बार हमने ट्यूलिप को संरक्षित किया है। आने वाले दिनों में इसकी संख्या बढ़ाएंगे ऐसी तमाम चीजें जो देश को अलग पहचान देती हैं, उनके साथ भी ट्यूलिप को जोड़कर उसका रोपण किया जाएगा। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि ट्यूलिप पौधारोपण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' और विकसित दिल्ली के दृष्टिकोण और संकल्प पर गर्व है, एक विकसित और जीवंत दिल्ली को प्रदर्शित करने के एनडीएमसी के प्रयास का हिस्सा है। एनडीएमसी का हरित क्षेत्र 50 प्रतिशत के करीब है, और हमें इस



**पौधारोपण**

एनडीएमसी का हरित क्षेत्र 50 प्रतिशत के करीब है, और हमें इस पर गर्व है: कुलजीत सिंह चहल

पर गर्व है। इसे बनाए रखने के लिए हमारा बागवानी विभाग बधाई का पात्र है। चहल ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमने उन ट्यूलिपों को संरक्षित किया है जिन्हें हम आयात करते थे।
पालमपुर में लगभग 20,700 ट्यूलिप और लोधी नर्सरी में 15,000 ट्यूलिप संरक्षित किए हैं और आने वाले दिनों में हमारी लागत आधे से भी कम हो गई है, हम इस संख्या को और भी बढ़ाएंगे।

# क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय बस चोर को किया गिरफ्तार, वांछित था आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बसों में चोरी और डकैती की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान अमरोहा (उप्र) मोहम्मद फारमान (41) के रूप में हुई है। आरोपित कर्नाटक के कुंडापुरा थाना क्षेत्र में दर्ज 10 किलो चांदी और 3 लाख रुपये नकद चोरी के मामले में वांछित था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शनिवार को बताया कि कर्नाटक पुलिस द्वारा आरोपित की गिरफ्तारी के लिए अनुरोध किया गया था। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम का गठन किया गया। सूचना के आधार



पर आरोपित की गतिविधियों पर तकनीकी निगरानी रखी गई और स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 26 दिसंबर को पुख्ता सूचना मिली कि वांछित आरोपित गुरुग्राम स्थित एनएचएआई टोल के पास आने वाला है। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने जाल बिछाया और घेराबंदी कर मोहम्मद फारमान को मौके से दबोच लिया।
पूछताछ में उसकी पहचान और आपराधिक रिकॉर्ड की पुष्टि की गई। पूछताछ के दौरान आरोपित ने कबूल किया कि वह आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में सक्रिय एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का प्रमुख सदस्य है। यह गिरोह चलती बसों में यात्रियों का भेष बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

प्रमुख रेस्तरां, क्लब, पब और पार्टी वेन्यू सुरक्षा को लेकर इस बार किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगा

# गोवा हादसे के बाद सख्ती: नए साल के लिए बुकिंग बंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली** : नए साल और न्यू ईयर ईव के जश्न से पहले दिल्ली पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। राजधानी के प्रमुख रेस्तरां, क्लब, पब और पार्टी वेन्यू सुरक्षा को लेकर इस बार किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगा। 31 दिसंबर की रात राजधानी के बाजारों, क्लबों और प्रमुख इलाकों में भारी भीड़ उमड़ती है। दोस्त, परिवार और युवा वर्ग नए साल का स्वागत करने के लिए देर रात तक बाहर रहकर जश्न मनाते हैं। इसी को देखते हुए यह तैयारी है। कुछ दिन पहले ही गोवा के एक नाइट क्लब में हुए हादसे के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। हौज खास, मोती बाग, साकेत,

**अलर्ट मोड**

गोवा के एक नाइट क्लब में हुए हादसे के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी

वसंत कुंज, ग्रेटर कैलाश और कनॉट प्लेस से सटे इलाकों में स्थित बड़े रेस्तरां और क्लबों ने सुरक्षा के नियम और सख्त कर दिए हैं। कई जगहों पर पहले से ही एडवांस बुकिंग बंद कर दी गई है, ताकि क्षमता से ज्यादा भीड़ न हो। इसके अलावा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए निजी सुरक्षा गार्डों को भी तैनात किया जा रहा है।

**रेस्तरां और क्लबों ने बढ़ाई सुरक्षा, लोग समझें अपनी जिम्मेदारी**

कनॉट प्लेस स्थित एक निजी क्लब के मैनेजर ने बताया कि नए साल पर सबसे बड़ी चुनौती भीड़ को नियंत्रित करना होता है। कई बार लोग बिना बुकिंग के पहुंच जाते हैं, जिससे हालात बिगड़ सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए क्लब में केवल तय संख्या में ही लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। क्लबों में सामान्य दिनों के मुकाबले दोगुने गार्ड तैनात किए जाएंगे। गेट पर बैग चेकिंग, मेटल डिटेक्टर और हैंडहेल्ड स्कैनर का इस्तेमाल किया जाएगा। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने कहा कि सभी सदस्य प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रोटोकॉल को और सख्त करने के लिए एक एडवाइजरी जारी की गई है। हौज खास स्थित एक निजी क्लब के मालिक ने बताया कि हमारे वेन्यू पर पहले से ही सख्त आंतरिक सुरक्षा अभ्यास लागू है। विशेषज्ञों ने कहा कि त्योहारों और बड़े आयोजनों के दौरान सुरक्षा में थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए पहले से तैयारी जरूरी है। प्रशासन ने कहा कि अगर सभी लोग मिलकर जिम्मेदारी निभाएं तो नए साल का जश्न सुरक्षित और खुशहाल हो सकता है।

# 'ऑपरेशन आघात'... 285 अपराधी दबोचे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने नए साल से पहले देश की राजधानी में ऑपरेशन आघात चलाया। दिल्ली पुलिस के साउथ-ईस्ट जिले में चलाए गए ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए व्यापक कार्रवाई की गई। इस अभियान में एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और गैंबलिंग एक्ट के तहत 285 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
इसके अलावा निवारक कार्रवाई के तहत 504 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि 116 बदमाश प्रवृत्ति के व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया गया। अभियान के दौरान प्रॉपर्टी क्राइम में संलिप्त 10 अपराधियों और 5 ऑटो-लिफ्टरों को भी गिरफ्तार किया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से निवारक उपायों के तहत कुल 1,306 लोगों पर कार्रवाई की गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की है। इसमें 21 कंट्री

**अभियान**

अपराध पर लगाम लगाना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है

मेड पिस्टल 20 जिंदा कारतूस और 27 चाकू शामिल हैं। साथ ही 12,258 क्वार्टर अवैध शराब और 6.01 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। जुआ गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2,30,990 नकद बरामद किए। इसके अलावा 310 मोबाइल फोन, 231 दोपहिया वाहन और एक चारपहिया वाहन भी जब्त या बरामद किए गए। इस संबंध में डीसीपी साउथ-ईस्ट हेमंत तिवारी ने बताया कि ऑपरेशन आघात 3.0 का उद्देश्य अपराध पर लगाम लगाना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।




दिल्ली की प्रदूषित हवा अब सिर्फ मौसमी समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह लोगों के फेफड़ों और दिल के लिए गंभीर और लंबे समय तक रहने वाला खतरा बन चुकी है।

# इंडिगो ने मुंबई में बैगेज बेल्ट की समस्या को लेकर जारी किया यात्रा परामर्श

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने मुंबई के टर्मिनल-2 पर बैगेज बेल्ट सिस्टम में अस्थायी खराबी के बाद एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है, जिसमें यात्रियों को चेक-इन काउंटरों और बैगेज कलेक्शन के दौरान संभावित देरी के बारे में सचेत किया गया है। इंडिगो ने शनिवार को एक्स पोस्ट पर एक यात्रा परामर्श जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि मुंबई टर्मिनल-2 पर बैगेज बेल्ट में अस्थायी खराबी के कारण यात्रियों को चेक-इन और बैगेज कलेक्शन

**विस्तार**

यात्रियों को चेक-इन काउंटरों और बैगेज कलेक्शन के दौरान संभावित देरी के बारे में सचेत किया

के दौरान थोड़ा ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि उसकी ग्राउंड टीमें एयरपोर्ट अधिकारियों के साथ मिलकर समस्या को जल्द से जल्द ठीक करने और यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए काम कर रही हैं। इंडिगो ने व्यवधान के लिए यात्रियों से माफी मांगी और सहायता का आश्वासन दिया है। एयरलाइन ने कहा, "इस असुविधा के लिए हमें खेद है और हम समझते हैं कि इससे आपकी योजनाओं पर असर पड़ सकता है। हमारी टीमें मौके पर मौजूद हैं और समस्या के समाधान में तेजी लाने और पूरी प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों को सहयोग देने के लिए हवाई अड्डे के सहयोगियों के साथ मिलकर तेजी से काम कर रही हैं।" एयरलाइन ने यात्रियों के धैर्य के लिए धन्यवाद भी दिया।

# सीबीआई पर भरोसा कैसे करें?': उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उन्नाव रेप पीड़िता और उसकी मां ने शनिवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पर गहरा अविश्वास जताया। यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है, जब सीबीआई ने पूर्व उत्तर प्रदेश विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

**सीधे बात होगी तभी भरोसा**

पीड़िता की मां ने सीबीआई की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि एजेंसी से भरोसा तभी बनेगा, जब वह उनसे सीधे बातचीत करेगी। उन्होंने कहा, 'अगर सीबीआई हमसे मिलेगी, तभी भरोसा करेंगे। वरना कैसे करें? हमने सिर्फ इतना कहा कि जांच




अधिकारी अदालत में सेंगर की बेटी से बात कर रहा था। जब उससे पूछा गया कि क्या वह पीड़िता को जानता है, तो उसने कहा, मैं उसे क्यों जानूं? यह बात उसने भरी अदालत में कही।'

**सीबीआई साथ देती तो आज यह दिन न देखना पड़ता**

पीड़िता ने सीबीआई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर एजेंसी निर्णायक समय पर उनके वकील के साथ मजबूती से खड़ी होती, तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। उसने कहा, 'अगर सीबीआई हमारे वकील के साथ खड़ी रहती, तो हम जीत जाते और वे हार जाते।'

**पटाखे फूट रहे हैं, हमारा सब कुछ उजड़ गया**

पीड़िता ने अपने परिवार की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि उनके परिवार में पटाखे फूट रहे हैं।
हमारे परिवार से पूछिए, मेरे पिता की हत्या हुई, मुझे और मेरे पति को नौकरी से निकाल दिया गया। हम क्या खाएं? कहां जाएं? मेरे दो नवजात बच्चे हैं।

**आरोपी काबू**

आरोपित ने फर्जी नाम से आतंकवादी संगठन के तौर पर धमकी भरे ईमेल भेजे थे

**न्याय व्यवस्था पर भी सवाल**

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि एक परिवार को डराया गया और दूसरे को राहत दी गई। उसने कहा कि यह अन्याय है कि एक परिवार को प्रताड़ित किया गया और दूसरे को खुली छूट मिल गई।

**हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची सीबीआई**

इससे पहले शुक्रवार को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर, 2025 के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को अपील लंबित रहने तक निलंबित करते हुए उसे जमानत दी गई थी।

# दिल्ली में अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ते (एएटीएस) ने अंतरराज्यीय ऑटो-लिफ्टर गिरोह के एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार चोरी की कारें बरामद की हैं। आरोपित की पहचान मेरठ निवासी काम्याब (50) के रूप में हुई है। आरोपित पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने शनिवार को बताया कि हाल के दिनों में शाहदरा में कार चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एएटीएस टीम को सक्रिय किया गया था।



सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय एवं गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक शातिर वाहन चोर चोरी की शेवरले बीट कार से ताहिरपुर चौक होते हुए दिलशाद गार्डन की ओर आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने उक्त स्थान के पास जाल बिछाया और आरोपित काम्याब को धर दबोचा। उसके कब्जे से चोरी की शेवरले बीट कार बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह दिल्ली-एनसीआर में कार चोरी कर उनकी नंबर प्लेट बदलकर अन्य जिलों में बेचता था।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित भारत बनने की और अग्रसरः चौधरी

बैठक

GST 2.0, क-ळ एक्ट और लेबर कोड जैसे बड़े रिफॉर्म्स का साल रहा 2025: किरण चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, (वंदना शर्मा )**

**तोशाम,27 दिसंबर**। राज्य सभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि देश को आर्थिक रूप से इस 2025 वर्ष को एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जब भारत ने बड़े संकल्पों, तीव्र गति और गहरे सुधारों को लागू करने का रास्ता चुना गया है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, यह एक ऐसा निर्णायक मोड़ साबित हुआ है, जब देश ने पुराने और अप्रासंगिक कानूनों की परतों को उतार फेंका, अपनी कर और नियामक व्यवस्थाओं को सरल बनाया, उद्योगों के लिए नए द्वार खोले और शासन व्यवस्था को एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल दिया है।

उन्होंने कहा किसभी वैश्विक अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था ने साल 2025 में 8.2 प्रतिशत की आश्चर्यजनक जी.डी.पी. वृद्धि दर्ज की। यह कराधान से लेकर श्रम सुधारों तक, बंदरगाहों के आधुनिकीकरण से लेकर परमाणु ऊर्जा तक और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से लेकर मुक्त व्यापार समझौतों के साथ-साथ महत्वपूर्ण डॉरेगुलेशन जैसे ऐतिहासिक सुधारों के जरिए अर्थव्यवस्था में नए प्राण फूंकने का परिणाम था।

वर्ष 2025 वह पहला वर्ष बना जब श्रम संहिताओं ने भारत के कार्य-जगत को प्रत्यक्ष और निर्णायक रूप से एक नया आकार दिया। वहीं 29 जटिल एवं अलग-अलग कानूनों को 4 आधुनिक संहिताओं में समाहित करके, भारत ने एक ऐसा लेबर फ्रेमवर्क तैयार किया, जो बिजनैस के लिए अधिक स्पष्ट और श्रमिकों के लिए अधिक सुरक्षित है।

ये सुधार भारत के श्रम बाजार को 64.33 करोड़ की बढ़ती श्रमशक्ति की सहायता करने, महिलाओं की उच्च भागीदारी को प्रोत्साहित करने और अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ बेरोजगारी के स्तर को कम बनाए रखने के लिए तैयार करते हैं। इन सुधारों से फॉर्मल वर्कफोर्स में 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही लगभग 50 करोड़ कामकाजी उम्र की महिलाओं को लेबर पूल से जोड़ने का लक्ष्य है।

वर्ष 2025 में भारत की जी.एस.टी. व्यवस्था में अब का सबसे महत्वपूर्ण सरलीकरण देखा गया। जहां 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्पष्ट स्लैब वाली संरचना को अपनाने से परिवारों, एमएसएमई, किसानों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर कर का बोझ कम हुआ। इसका सीधा प्रभाव कंज्यूमर सेंटिमेंट में दिखाई दिया, जहां भारत में दीवाली पर 6.05 ट्रिलियन रुपए की रिकॉर्ड बिक्री हुई और पिछले 1 दशक में नवरात्रि की सबसे शानदार बिक्री देखी गई।

देश के इतिहास में पहली बार 12 लाख रुपए वर्ष 2025 में आयकर का ऐसा फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया गया, जो अंततः मॉडर्न घरेलू बजट की वास्तविकताओं को दर्शाता है। 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना पड़ा। इसके साथ ही, भारत ने 4,000 से अधिक संशोधनों और हजारों जटिलताओं के बोझ तले दबे 1961 के पुराने आयकर अधिनियम को बदलकर आधुनिक और सरल, आयकर अधिनियम, 2025 को लागू किया गया है। यह नया कानून छूट को तर्कसंगत बनाता है, कानूनी विवादों को कम करता है, स्पष्टता बढ़ाता है और स्वैच्छिक कर अनुपालन को मजबूती देता है।

किरण चौधरी ने कहा कि इज ऑफ डूइंग बिजनैस, व्यापार सुगमता, सुधारों ने 2025 को बाधाओं को तोड़ने वाले वर्ष के रूप में परिभाषित किया है।

क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स की एक व्यापक समीक्षा के माध्यम से 76 उत्पाद श्रेणियों के लिए अनिवार्य कंप्लायंस को हटा दिया गया और 200 से अधिक उत्पादों को डीरेगुलेशन के लिए चिन्हित किया गया। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति देने से अगले 5 वर्षों में 8 से 10 करोड़ नए लोगों को बीमा सुरक्षा के दायरे में लाने में मदद मिलेगी।

# हम विकास चाहते हैं, लेकिन अरावली की कीमत पर नहीं: कमल प्रधान

आवाज बुलंद

अरावली को बचाने की जिम्मेदारी देश के प्रत्येक नागरिक की है: कमल प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम ,( वंदना शर्मा )**

**तोशाम** -विश्व की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला अरावली को नष्ट होने से बचाने के लिए विभिन्न सामाजिक व जन संगठनों ने चौ. रघुबीर सिंह फॉर्महाउस, तोशाम में एकजुट होकर आवाज बुलंद की। इस दौरान युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने कहा कि ्हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन अरावली की कीमत पर कोई भी विकास स्वीकार नहीं किया जाएगा।कमल प्रधान ने कहा कि आज गुरु गोबिंद सिंह जयंती के अवसर पर सभी देशवासियों से आह्वान है कि वे इस अन्यायपूर्ण निर्णय के खिलाफ गुरु गोबिंद सिंह जी की तरह साहस के साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि अरावली को बचाने की जिम्मेदारी केवल किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की है। सरकार के इस तानाशाही निर्णय के विरुद्ध अब सभी संगठन जागरूक होकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

बैठक में विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रस्ताव पारित किया, जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य, स्टैंड विद नेचर, प्रोत्साहन सोशल वेलफेयर सोसाइटी, ग्राम विकास युवा मंडल, पर्यटन विकास मंच, किसान सभा सहित अनेक संगठनों ने सहभागिता की। प्रस्ताव के तहत सुप्रीम कोर्ट में पुनः याचिका दायर करने तथा गांव-गांव जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर डॉ. लोकेश, देशमुख दादरवाल, रमेश टमाटर वाला, विजेंद्र, पूर्व सरपंच अमित अत्री, अनिल शेषमा, कविता आर्य, रणविजय ग्रेवाल, सुमीत बराड़, अशोक मलिक, बलबीर बजाड़, उमेद सिंह दहिया, सत्यवीर भुक्कल, मामनराम बाल्मीकि, मुकेश शर्मा (ढाणी माहू), राजेंद्र फोजी (खानक), दिलबाग ढुल, राजेश गारनपुरा, योगेश पंघाल, रामधारी, युद्धवीर (चेयरमैन), गुड्डु खरकड़ी, बिरसिंह दुल्हैड़ी, रत्नलाल, हरेंद्र सिंह, संदीप तरार, सत्यवान पप्पू, राजेश रतन सिंह, सुबेदार सुमेर सिंह, मुकेश श्योराण, पूजा भुक्कल सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, (वंदना शर्मा )**

**तोशाम, 28 दिसंबर** : पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में शनिवार को तोशाम स्थित पंजाबी धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में तोशाम विधानसभा के चारों मंडलों की समस्त कार्यकारिणी, बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट), बूथ अध्यक्षों और बूथ पालकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। बैठक का संचालन और समन्वय महामंत्री रमेश पचेरवाल और प्रदीप प्रजापति द्वारा किया गया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों को याद किया और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही पार्टी की असली शक्ति है और आगामी लक्ष्यों के लिए हर बूथ को अभेद्य बनाना अनिवार्य है। कौशिक ने कहा कि अटल की स्मृति में आयोजित इस बैठक ने कार्यकताओं में नया जोश भरने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तोशाम विधानसभा में भाजपा अपने जमीनी तंत्र को बेहद सक्रिय और संगठित कर रही है। बैठक में तोशाम विधानसभा के अंतर्गत आने वाले चारों मंडलों के अध्यक्षों विक्की महता, कुलदीप महला, जगत कौशिक और सतीश वर्मा ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु बूथ जीतो, चुनाव जीतो के मंत्र पर रहा, जिसमें बीएलए-2 और बूथ पालकों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर हरि सिंह सागंवान, नंदराम धानिया, रविन्द्र बापोडा, महामंत्री रमेश पचेरवाल, प्रदीप प्रजापति, मंडल अध्यक्ष विक्की महता, कुलदीप महला, जगत कौशिक, सतीश वर्मा, राजकुमार जांगड़ा, शैंकी पोपली, राधेश्याम, विजय तंवर, अश्वनी मास्टर, सुनील सूरा ,मास्टर अनूप, पंच राजबीर, रूलीराम शर्मा, रामबीर जांगडा, सुनील भाटी, सुनील शास्त्री, रमेश लालावास, शीशराम शर्मा, राजदेव भेरा, राजपाल कडवासरा, टोनी बराला, पवन सरपंच, विक्रम चौहान, राजबीर छान्या सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 209.15 ग्राम चरस नशीला पदार्थ सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत अवैध नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस थाना रामनगर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार की अध्यक्षता में एक आरोपी को काबू किया।

पुलिस टीम ने आरोपी गुरनाम पुत्र भगत रामए निवासी सुखदेव कॉलोनी, रामनगर, करनाल को पश्चिमी यमुना नहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 209.15 ग्राम चरस नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

# एनसीसी कैडेट्स को रोड सेफ्टी व साइबर सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सैनिक स्कूल कुंजपुरा में जिला पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार, कोऑर्डिनेटर करनाल ने एनसीसी कैडेट्स को रोड सेफ्टी एवं साइबर सुरक्षा के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार ने कैडेट्स को यातायात नियमों के पालन, सडक दुर्घटनाओं से बचाव, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व तथा सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार के बारे में जागरूक किया। साथ ही साइबर सुरक्षा के अंतर्गत सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव एवं साइबर अपराधों की शिकायत प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान सैनिक स्कूल कुंजपुरा से संबंधित सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनमें कर्नल केके वेंकटरमण, लेफ्टिनेंट कर्नल एसएस नेगी, सब मेजर बलराज सिंह, सूबेदार विक्रम सिंह, सूबेदार रोहिताश्वा, सुबेदार राजेंद्र कुमार, नायब सूबेदार सुनील कुमार, एएनओ संदीप देशवाल तथा एएनओ किरण कुमार शामिल रहे।

उपस्थित अधिकारियों ने कैडेट्स को अनुशासन, सजगता एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। जिला पुलिस का उद्देश्य ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवा वर्ग को सडक सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाना है।

## न्यूज फ्लैश

### महिला ड्राइवर ने कंपनी मालिक पर लगाए छेड़खानी करने, धमकी देने के आरोप

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा क्षेत्र की एक कंपनी के मालिक पर एक ट्रक चालक महिला ने छेड़खानी करने, विरोध करने पर जान से मार देने की धमकी देने के साथ ही पति के साथ काम का हिसाब करने के लिए जाने पर मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त सोनीपत को शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने आरोपित कंपनी मालिक सोनू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश की रहने वाली महिला का आरोप है कि खरखौदा क्षेत्र की एक कंपनी में बतौर ट्रक चालक काम कर रही थी। एक दिसंबर को जब वह ट्रक में डिजल भरवाने के बाद टायरों में हवा भराने के लिए गई तो उसी दौरान कंपनी मालिक ट्रक के कैबिन में आकर बैठ गया। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही उसने उसके साथ छेड़खानी करते हुए उसके कपड़े तक फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपित ने उसे जान से मार देने धमकी दी और वहां से चला गया। लेकिन इसके बाद भी वह लोकलाज के चलते काम करती थी। इसी दौरान आरोपित ने उसे फोन पर गाली-गलौज की नौकरी छोड़कर भाग जाने को कहा। यह बात उसके फोन में रिकार्ड हो गई। पीड़ित महिला का आरोप है कि इसके बाद वह अपने द्वारा किए गए काम का हिसाब करने के लिए कंपनी मालिक के पास अपने पति के साथ गई थी। लेकिन वहां पर कंपनी के मालिक ने न केवल उनके साथ गाली-गलौज की, बल्कि उसके पति के साथ मारपीट भी की गई। जिसे उसने अपने फोन में रिकार्ड कर लिया। पीड़िता द्वारा मामले की शिकायत सीपी, सोनीपत को दिए जाने के बाद खरखौदा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### मशीन में फंसने से कर्मी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** के कस्बा तरावड़ी क्षेत्र में एक पेपर मिल में काम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मिल में ड्यूटी कर रहे एक कर्मचारी की मशीन में फंसने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसा लापरवाही की वजह से हुआ या मशीन में किसी तरह की तकनीकी खराबी थी।

मृतक की पहचान जुंडला गेट करनाल के राजेश के रूप में हुई है, जिसकी उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है। वह पिछले कई वर्षों से तरावड़ी की इस पेपर मिल में काम कर रहा था और अनुभवी कर्मचारी माना जाता था। पेपर मिल में शनिवार को रोज की तरह काम चल रहा था। इसी दौरान पेपर कटिंग का काम करते समय राजेश अचानक मशीन की चपेट में आ गया। मशीन में फंसने से उसका आधा शरीर अंदर चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मिल में काम कर रहे अन्य कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और पूरे प्लांट में हडकंप की स्थिति बन गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मिल प्रबंधन की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और जरूरी साक्ष्य जुटाए। मृतक के शरीर को कड़ी मशक्कत के बाद मशीन से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# गांव आट्टा में फ्री पलंबर और वाल पेंटर प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 27 दिसम्बर (संजय नरवाल)** हरियाणा सरकार द्वारा बनाई गई नई पॉलिसी के तहत पेंट कंपनी इंटरलक्श व टीएमटी पी वी सी कम्पनी द्वारा तेजू आट्टा के बैठक हाल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ तेजू आट्टा ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर में दोनों प्रकार के लगभग 50 लीगों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के बाद आए हुए मेहमानों को कार्य कीट भी भेंट की गई। तेजू आट्टा ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर साल में चार पांच तो लगाए ही जाते हैं ताकि प्लम्बरों और व्हाइटवास वर्करों की कार्य शैली को निखारा जा सके और नए नए प्रोडक्टों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जा सके।ताकि उनका प्रयोग और फायदे इन लोगों के माध्यम से पब्लिक तक जा सके। समाज को गुणवत्ता व प्रशिक्षित वर्कर पब्लिक को मिल सके। इस अवसर पर गोविंद ,प्लंबर दीपक सोनू, सुनील, परवीन, निजामु, जशबीर,मोनू,ईश्वर, कर्ण, विकरण मौजूद थे।

# छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

जागरूक

छात्राएं गलत महसूस होने पर विरोध दर्ज कराएं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस तत्पर;



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमल चौधरी )**

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के कुशल नेत्रत्व में महिला थाना इंस्पेक्टर रेखा की टीम ने शुक्रवार को भोड़वाल माजरी के सरकारी स्कूल में छात्राओं को महिला विरूध अपराध और सुरक्षा संबंधी अधिकारों के बारे जागरूक किया। बेटियों को महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उनके साथ घटीत होने वाले अपराधों की रोकथाम और आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से जागरूक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक कर दुर्गा शक्ति एप की जानकारी देने के साथ साइबर अपराध से बचाव के गुर बताए गए।

महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा ने छात्राओं को कहा कि उनके साथ कोई गलत तरिके से व्यवहार करता है तो तुरंत उसकी शिकायत पुलिस को दें। किसी भी कीमत पर गलत बर्दाश्त न करें। गलत करने वालें का शुरू में विरोध करें, इससे उसका मनोबल नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों को लेकर पुलिस संवेदनशील है। कानून में इन अपराधों को लेकर कठोर नियम व सजा का प्रावधान है। इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखते हुए इनसे बचें व अन्य लोगों को भी इस प्रकार के अपराधों से बचाएं। पुलिस सदैव सुरक्षा के लिए तत्पर है।

टीम ने इसके साथ ही छात्राओं को बैड टच, गुड टच व सेल्फ डिफेंस के बारे भी जानकारी दी और दुर्गा शक्ति एप के बारे में बताया। छात्राओं को बताया गया कि स्कूल, कॉलेज के बाहर दुर्गा शक्ति की टीमें निरंतर गश्त पर रहती है। किसी भी प्रकार की समस्यां होने पर आप उनसे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती है। छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप अपने या परिजनों के फोन में इनस्टॉल करके उसका प्रयोग करने की आहवान किया और महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 के बारे विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध के खिलाफ जागरूक करते हुए कहा कि अपनी नीजी जानकारी किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा न करें। यदि उनके साथ साइबर ठगी हो जाए तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इंस्पेक्टर रेखा ने कहा कि पानीपत पुलिस का यह जागरूक्ता अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सड़क से कारोबार को मिलनी थी रफ्तार, वही बन गई अवैध खनिज परिवहन का शॉर्टकट



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर -**

छछरौली बाजार चौक नंबर दो से असाहबपुर (शाहपुर) होते हुए घाड़ क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क सात साल के लंबे इंतजार के बाद बनकर तैयार तो हो गई, लेकिन अब यह सड़क अवैध खनिज परिवहन करने वाले ओवरलोड वाहनों के लिए शॉर्टकट बनती जा रही है। रात के अंधेरे में अवैध खनिज सामग्री से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां इस सड़क से बेधड़क गुजर रहे हैं, जिससे कस्बावासियों में नई बनी सड़क के जल्द टूटने की चिंता गहराने लगी है।पिछले लगभग एक माह से अवैध खनिज परिवहन में लगे वाहन प्रशासन द्वारा हाईवे और मुख्य मार्गों पर लगाए गए नाकों से बचने के लिए इस लिंक रोड का इस्तेमाल कर रहे हैं।

नतीजतन, शहर के बीचोंबीच से भारी और ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है।

**सात साल की लड़ाई के बाद बनी थी सड़क**

करीब 360 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले छछरौलीझशाहपुर रिजर्व फॉरेस्ट के बीच से सड़क निर्माण को लेकर कस्बावासियों ने वर्षों तक संघर्ष किया था। लंबे विवाद और प्रक्रियाओं के बाद सड़क बनी, जिससे पहले 7झ8 किलोमीटर का सफर घटकर महज 3 किलोमीटर रह गया। उम्मीद थी कि इससे छछरौली बाजार के ठंडे पड़े कारोबार को नई रफ्तार मिलेगी, लेकिन अवैध खनिज से भरे वाहनों ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पहले घाड़ क्षेत्र से निकलने वाले खनिज वाहन लेदी, शेरपुर मोड़ और छछरौली तिराहे से होकर गुजरते थे, लेकिन अब जंगल के इस नए रास्ते से सीधे बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। मुख्य सड़कों पर कड़ी निगरानी और नाकों के कारण बिना बिल और ई-रवाना के वाहन रात के समय इसी शॉर्टकट का सहारा ले रहे हैं।

**रिजर्व फॉरेस्ट में वन्य जीवों पर भी संकट**

यह सड़क 360 हेक्टेयर के रिजर्व फॉरेस्ट से होकर गुजरती है, जहां मोर और नीलगाय जैसे वन्य जीवों का बसेरा है। दिन के समय दोपहिया और हल्के वाहनों की आवाजाही रहती है, लेकिन सर्दी के मौसम में रात के समय भारी वाहनों की आवाज और तेज रफ्तार से वन्य जीवों पर खतरा बढ़ गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क बनने से पहले कच्चे रास्ते पर दिन भर मोर खुलेआम घूमते नजर आते थे, लेकिन अब शोर-शराबे और रात की हलचल के कारण पक्षी और जानवर जंगल से बाहर निकलने से डर रहे हैं। यही कारण था कि वन विभाग लंबे समय तक इस सड़क के निर्माण को लेकर सहमत नहीं था।

विभागीय जिम्मेदारी पर सवाल बीएंडआर विभाग के छछरौली के एसडीओ गिरिश कुमार ने बताया कि सड़क पर ओवरलोड रेत-बजरी वाहनों को रोकना संबधित विभागों की जिम्मेदारी है।। बीएंडआर विभाग किसी को सड़क से गुजरने से नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि यदि एसडीएम या किसी सक्षम अधिकारी से आदेश मिलते हैं तो सड़क पर ऊंचाई का बैरियर लगाया जा सकता है, ताकि बड़े वाहन इस रास्ते से न गुजर सकें।

**मिला ओवरलोड तो करेंगे कार्रवाई : एमवीओ**

आरटीए के एमवीओ हरप्रीत रंधावा ने बताया कि वह चेक करवाएंगे ओर अगर ओवरलोड चलता मिला तो कार्रवाई करेंगे।

# सड़क हादसे में महिला की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले में नेशनल हाईवे पर शनिवार को एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया।

मृतका की पहचान सुलतानपुर गांव करनाल की केला देवी के रूप में हुई है। महिला शनिवार को बाइक पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रही थी। बाइक को उसके परिवार का ही एक सदस्य चला रहा था। जब वे करनाल नेशनल हाईवे पर पहुंचे, तभी पीछे से आए ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक का संतुलन बिगड़ गया और महिला सडक पर जा गिरी। बाइक से गिरते ही महिला ट्रक की चपेट में आ गई। ट्रक महिला को रौंदते हुए आगे निकल गया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते देख आसपास मौजूद लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े और घायल महिला को संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सडक हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने यातायात को कुछ देर के लिए नियंत्रित किया, ताकि स्थिति सामान्य हो सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दिवाली: यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल

## संपादकीय

### मजबूत होते भारत-रूस संबंध

रूस के साथ भारत के संबंध दशकों से सामरिक साझेदारी, रक्षा सहयोग और राजनीतिक विश्वास की मजबूत नींव पर टिका रहा है। शीत युद्ध के दौर से लेकर वर्तमान तक रूस उन कुछ देशों में रहा, जिसने कठिन समय में भी भारत के हितों का समर्थन किया। परंतु 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार, वित्तीय ढांचे और सामरिक गठबंधनों को जिस तरह बदल दिया है, उसने भारत-रूस संबंधों को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों ने न केवल रूस की अर्थव्यवस्था और उसकी रक्षा-उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है, बल्कि भारत जैसे साझेदार देशों के लिए भी अभूतपूर्व कूटनीतिक चुनौतियाँ पैदा की हैं। एक ओर अमेरिका, यूरोप और इंडो-पैसिफिक साझेदार भारत से पश्चिमी मानदंडों का पालन करने की उम्मीद करते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत रूस से ऊर्जा, रक्षा और अंतरराष्ट्रीय संतुलन की जरूरतों को अनदेखा नहीं कर सकता। इस दोराहे पर भारत की सबसे बड़ी परीक्षा है—कैसे रूस के साथ संबंधों को बनाए रखते हुए अपनी सामरिक स्वायत्तता को मजबूती से स्थापित किया जाए। आज की सबसे बड़ी जटिलता यह है कि रूस धीरे-धीरे चीन के करीब जाता दिख रहा है, और यह समीकरण भारत के हितों की दृष्टि से पूरी तरह अनुकूल नहीं कहा जा सकता। चीन के साथ रूस का बढ़ता आर्थिक, तकनीकी और सैन्य सहयोग उस क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित कर रहा है, जिसमें भारत अपनी सुरक्षा रणनीति का निर्माण करता है। भारत जानता है कि चीन की मंशा केवल एशिया प्रभुत्व तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को बदलने की है। ऐसे में रूसझ्रचीन निकटता भारत की सामरिक गणना को कठिन बनाती है। पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी भारत के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। रूस से होने वाले रक्षा आयात और महत्वपूर्ण स्पेयर पार्ट्स पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण धीमे पड़ रहे हैं। भारत की वायुसेना और थलसेना जिन कई प्रमुख प्रणालियों पर निर्भर हैं, वे रूस द्वारा निर्मित या रूस के सह-उत्पादन वाले हैं। यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी रक्षा उद्योग पर जो दबाव बढ़ा है, उसने भारत को कई सैन्य परियोजनाओं की समय-सीमा को लेकर चिंतित कर दिया है। कुछ हथियार प्रणालियों और मिसाइल डिलीवरी में देरी भी इसे दशार्ती है। यह स्थिति भारत को मजबूर करती है कि वह दीर्घकालिक रूप से अपने रक्षा स्त्रोतों को विविध बनाए और घरेलू उत्पादन पर अधिक ध्यान दे। इसी बीच व्यापारिक असंतुलन भी भारतझ्ररूस संबंधों का एक गंभीर पहलू बनकर उभरा है। कच्चे तेल के आयात में भारी वृद्धि ने रूस के साथ भारत के व्यापार को एकतरफा बना दिया है। रूस को भारत से निर्यात बेहद कम है और भुगतान प्रणाली भी स्पष्ट ढंग से स्थिर नहीं हो पाई है। रुपयाझ्ररूबल व्यापार व्यवस्था पश्चिमी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग नियमों के कारण अपेक्षित दक्षता हासिल नहीं कर पाई है।

इससे दोनों देशों के व्यापारिक ढांचों में अनिश्चितता और जोखिम बढ़ा है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून



**सुनील कुमार महला**

"'कुम्हारों से लेकर कारीगरों तक लाखों हाथ इस विरासत को जीवित रखते हैं।' उन्होंने कहा कि-' यूनेस्को का यह टैग भी एक जिम्मेदारी है और हमें सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली हमेशा एक विरासत बनी रहे।' इतना ही नहीं, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इसरो त्यौहार की वैश्विक लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। मोदी ने यूनेस्को द्वारा दीपावली को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किये जाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि, 'भारत और दुनिया भर के लोग रोमांचित हैं'"

**हाल** ही में भारत के सबसे बड़े त्योहार 'दीपावली'(प्रकाश महोत्सव) को यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया है, बधाई और शुभकामनाएं।कहना गलत नहीं होगा कि भारत की यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है। वास्तव में यह हम सभी भारतीयों के लिए बहुत ही खुशी,गौरव का विषय है और अपने-आप में ऐतिहासिक भी। यह हमें गौरवान्वित महसूस कराता है कि हमारी दिवाली अब विश्व धरोहर बन गई है। पाठकों को बताता चलूं कि लाल किला परिसर में चल रही यूनेस्को की बैठक(20 वें सत्र) में 10 दिसंबर 2025 बुधवार को दिवाली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कर लिया गया है।यह पहली बार है कि भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है। गौरतलब है कि सूची में यह देश की 16वीं विरासत है। दूसरे शब्दों में कहें तो पहले से ही लिस्ट में भारत की 15 धरोहरें शामिल हैं।इस खुशी के अवसर पर देशभर में विश्व धरोहरों पर रौशनी की गई। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि अभी तक सूची में क्रमशः हमारे देश के कुम्भ मेला, दुर्गा पूजा, नवरोज, योग, गरबा नृत्य, कालबेलिया नृत्य, छाऊ नृत्य, मुडियेडू नृत्य, वैदिक मंत्रपाठ, संकीर्तन, बौद्ध पाठ, कुटियट्टम, रामलीला आदि को शामिल किया गया है। हाल फिलहाल यूनेस्को ने दिवाली को सांस्कृतिक विरासत चुना है। दरअसल, इसके पीछे कारण यह है कि दिवाली खुशी का मौका है, जो अंधेरे पर रौशनी और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह विभिन्न परिवारों-समुदायों के लिए एक साथ आकर तोहफे, मिठाइयां बांटने,दीप जलाने और जश्न मनाने का समय है। दिवाली भारत का एक ऐसा त्योहार है, जिसे हर उम्र, जेंडर, पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। यह सबको साथ लेकर चलने को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। दीपावली हमारी परंपराओं, कला या सांस्कृतिक प्रक्रिया या यूं कहें कि हमारी साझा विरासत और सामूहिक पहचान को व्यक्त



करती है।यह समाज में हमारे रिश्तों को मजबूत करती हैं, लोगों को आपस में जोड़ती हैं और आपसी समझ बढ़ाती हैं। साथ ही साथ यह स्थानीय कलाकारों, कारीगरों, परंपराओं और व्यवसायों को बढ़ावा देकर स्थानीय अर्थव्यवस्था और रचनात्मकता को भी समर्थन प्रदान करती है। बहरहाल, भारत ने यूनेस्को की 2027 की बैठक के लिए छठ पर्व, वाल्मीकि रामायण और ओरछा के राम राजा मंदिर का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए यह बात कही है कि इससे त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत और दुनिया भर के लोग रोमांचित हैं। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण के लिए अंतर-सरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान दीपावली के इस सूची में शामिल होने की घोषणा के तुरंत बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देश की ओर से एक बयान दिया। भारत ने 2024-25 के लिए 2023 में यूनेस्को को दीपावली नामांकन का दस्तावेज भेजा था। शेखावत ने अपने संबोधन में कहा, 'हर भारतीय के लिए दीपावली बेहद भावनात्मक त्योहार है, इसे पीढ़ियों से मनाया जा रहा है, इसे महसूस किया जाता है और आत्मसात किया जाता है।' केंद्रीय मंत्री ने यह बात कही कि-' दीपावली को इस सूची में शामिल करके यूनेस्को ने नवीकरण, शांति और अच्छाई की जीत के लिए शाश्वत मानवीय अभिलाषा का सम्मान किया है।' शेखावत ने कहा कि 'कुम्हारों से लेकर कारीगरों तक लाखों हाथ इस विरासत को जीवित रखते हैं।' उन्होंने कहा कि-' यूनेस्को का यह टैग भी एक जिम्मेदारी है और हमें सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली हमेशा एक विरासत बनी रहे।' इतना ही नहीं, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इसरो त्यौहार की वैश्विक लोकप्रियता में और वृद्धि होगी। मोदी ने यूनेस्को द्वारा दीपावली को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किये जाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि, 'भारत और दुनिया भर के लोग रोमांचित हैं।' उन्होंने कहा, 'दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है।' बहरहाल, यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में हमारे देश की किसी परंपरा, कला, स्थान या रीति-रिवाज का शामिल होना इस बात का प्रतीक है कि वह विरासत विश्व-स्तर पर अद्वितीय, महत्वपूर्ण और संरक्षित किए जाने योग्य मानी गई है। सीधा सा मतलब यह है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर विश्व-भर में अनमोल और विशिष्ट मानी गई है।

वास्तव में, यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता न केवल हमारे देश और समाज के गौरव को बढ़ाती है, बल्कि हमें इस विरासत को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी सौंपती है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इसे उसी रूप में अनुभव कर सकें। इसके साथ ही, यह स्थानीय समुदायों को पहचान, सम्मान और रोजगार के अवसर देकर उन्हें सशक्त बनाती है। पर्यटन बढ़ने से आर्थिक लाभ भी होता है, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलती है। दूसरे शब्दों में कहें तो जब किसी देश की कोई चीज-जैसे कोई स्मारक, परंपरा, कला, त्योहार या प्राकृतिक स्थल आदि वैश्विक धरोहर घोषित होती है, तो उससे उस देश को कई बड़े फायदे मिलते हैं। सबसे पहले, उस धरोहर को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलती है और दुनिया उसे विशेष महत्व के रूप में स्वीकार करती है। इससे उसके संरक्षण और देखभाल के लिए विशेषज्ञों तथा संस्थाओं का सहयोग मिलता है, जिससे धरोहर लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। विश्व धरोहर बनने से पर्यटन बढ़ता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ, रोजगार के नए अवसर और लोगों की आय में वृद्धि होती है। इसके साथ ही, स्थानीय समुदाय, कलाकार और शिल्पकारों को मान-सम्मान के साथ अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने का मौका मिलता है। कुल मिलाकर, वैश्विक धरोहर घोषित होने से किसी देश की प्रतिष्ठा बढ़ती है, उसकी सांस्कृतिक विरासत मजबूत होती है और वह धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रह पाती है। बहरहाल, यह सूची हमें यह याद दिलाती है कि हमारी संस्कृति केवल हमारी नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा विरासत है, जिसे मिलकर संजोना आवश्यक है। हाल फिलहाल,यह बहुत अच्छी बात है कि सांस्कृतिक विरासत के मामले में भारत को एक और कामयाबी हासिल हुई है, लेकिन यह भी एक कड़वा सच है कि सांस्कृतिक विरासत के मामले में भारत अभी भी दुनिया में काफी पीछे है। दुनिया भर में आज इटली, चीन, जर्मनी, फ्रांस और स्पेन ऐसे देश हैं,जो हमारे देश से सांस्कृतिक विरासत की तुलना में आज बहुत आगे हैं। यहां यदि हम इटली की बात करें तो वर्तमान में दुनिया में सबसे ज्यादा यूनेस्को विश्व-धरोहर स्थलों वाला देश है।

## टूटते रिश्तों के बीच अदालत की टिप्पणी और बदलता सामाजिक ताना-बाना

**अमरपाल सिंह वर्मा**

**उत्तरप्रदेश** में बरेली के पारिवारिक न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने हाल ही में तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणी की है, वह समाज मे बदलते पारिवारिक परिदृश्य की तस्वीर पेश करती है। न्यायाधीश ने टिप्पणी की है कि यदि कोई लडकी शादी के बाद एकांकी जीवन चाहती है तो उसे शादी के बायोडाटा में साफ लिख देना चाहिए कि उसे ऐसा पति चाहिए जो माता-पिता और परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त हो। यह मामला बदायूं के एक युवक और फरीदपुर की युवती से जुड़ा है। दोनों की शादी 2019 में हुई लेकिन युवती सास-ससुर के साथ नहीं रहना चाहती थी। लिहाजा,2020 से अलग रहने लगी। न्यायाधीश ने कहा कि आज कई लोग वृद्धाश्रमों और बंद फ्लैटों में अकेले रह रहे हैं जबकि संयुक्त परिवार अकेलेपन को दूर करता है। अदालत ने पति का तलाक दावा स्वीकार करते हुए दोनों को अलग रहने की अनुमति दे दी और कहा कि जो लड़कियां शादी के बाद संयुक्त परिवार को बोझ समझती हैं, वह पहले ही अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करें क्योंकि यह सोच सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकती है। एक जज की यह टिप्पणी हमारे घरों के हालात को प्रकट कर रही है। यह केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं है बल्कि इससे पता चलता है कि हमारे घरों के भीतर क्या बदल रहा है और रिश्तों में कैसी नकारात्मकता पैदा हो रही है। रिश्ते, खासकर ससुराल में, किस प्रकार दरक रहे हैं। एक जमाने में पति-पत्नी के बीच नोक- झोंक सामान्य बात हुआ करती थी मगर आज हालत यह है कि घर में छोटी-मोटी बात पर हुई बहस ही अदालत में पहुंचने लगी। पति-पत्नी की खटपट को पहले घर के बड़े-बुजुर्ग ही सुलझा दिया करते थे, वह अब अदालतों से भी नहीं सुलझ पा रही है। पारिवारिक न्यायालयों में जज के समझाने के बावजूद जोड़े तलाक से कम पर मानते ही नहीं हैं। जाहिर कि समाज एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है जहां रिश्तों को संभालने की कला कमजोर पड़ रही है। हमारे संयुक्त परिवारों वाले पारंपरिक देश और समाज में यह स्थिति दुःखी करती है।

पहले हमारे यहां दीवारें कम और अपनापन अधिक था लेकिन एकल परिवारों की चाह और चलन ने सब कुछ बदल कर रख दिया है। नौकरी, कामकाज के सिलसिले में एकल परिवार समझ में आते हैं पर बिना वजह अलग रहने की जिद समझ से बाहर है। इसी जिद के कारण न केवल दादा-पौत्र, बुआ-भतीजे, चाचा-चाची, ताऊ-ताई जैसे रिश्ते खत्म हो रहे हैं बल्कि दाम्पत्य संबंध भी दरक रहे हैं। रिश्तों में जो धैर्य की भावना थी, वह तो कहीं खो गई लगती है। आज पति-पत्नी अपने लिए जगह चाहते हैं तो बुजुर्ग अपनी पुरानी जगह बचाए रखने के ख्वाहिशमंद हैं। दोनों की इच्छाएं ठीक हैं लेकिन टकराव तब शुरू होता है जब कोई भी अपनी जगह से एक कदम पीछे नहीं हटना चाहता। इसी से परिवारों में खाई पैदा हो रही है।

## विचार

### मुख्यमंत्री मोहन यादव: स्थिरता कार्य की प्रतिबद्धता पर आधारित

**पवन वर्मा**

मध्यप्रदेश की राजनीति ने पिछले दो वर्षों में जिस स्थिरता, स्पष्टता और नेतृत्व की परिपक्वता को महसूस किया है, उसकी पृष्ठभूमि केवल राजनीतिक घटनाक्रम नहीं, बल्कि नेतृत्व की एक नई परिभाषा है। अक्सर सत्ता परिवर्तन के बाद सरकारें दिशा तय करने में समय लेती हैं, परंतु डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही स्पष्ट कर दिया कि उनका नेतृत्व सिर्फ पद की औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्य की प्रतिबद्धता पर आधारित है। उनके दो वर्ष इस बात का प्रमाण बनकर खड़े हैं कि यदि नेतृत्व दृढ़ संकल्पित हो, स्पष्ट सोच रखता हो और जनता के हित को केंद्र में रखकर काम करे,तो शासन की शैली बदलते देर नहीं लगती। मोहन यादव की राजनीतिक यात्रा हमेशा जमीन से जुड़ी रही है, पर मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जिस परिपक्वता और शांति से दृढ़ता का प्रदर्शन किया, उसने उन्हें सत्ता के नायक की सीमाओं से आगे बढ़ाकर जननायक की राह पर स्थापित किया है। इन दो वर्षों में डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को एक ऐसे शासन मॉडल की ओर ले जाने का प्रयास किया है जहां निर्णयों में स्पष्टता हो, योजनाओं में परिणाम दिखें और प्रशासनिक ढांचे में जवाबदेही सुनिश्चित हो। उनकी नेतृत्व शैली शोर-शराबे से परे, दृढ़ता और निरंतरता पर आधारित रही है। वे प्रचारात्मक राजनीति से दूरी रखते हैं और यही गुण जनता के बीच उनके प्रति भरोसा मजबूत करता है।

मध्यप्रदेश के प्रशासनिक ढांचे में पिछले दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए। पुलिस और कानून व्यवस्था को लेकर स्पष्ट आदेश दिए गए। संगठित अपराध, साइबर अपराध और नक्सल नेटवर्क पर जो रणनीतिक दबाव बना, वह एक सुविचारित दृष्टि का हिस्सा था। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार समन्वय के साथ काम हुआ, अपराधियों पर नकेल कसी गई और साइबर अपराध के मामलों में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई का उदाहरण पेश किया। यह किसी आकस्मिक पहल का परिणाम नहीं था, बल्कि एक निरंतर चलने वाली प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा था जिसे मुख्यमंत्री कार्यालय से लगातार मॉनिटर किया गया। विकास योजनाओं के क्षेत्र में भी राज्य ने उल्लेखनीय गति पकड़ी। सड़क निर्माण से लेकर सिंचाई परियोजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर शिक्षा के ढांचे तक सभी क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन पर सरकार ने बराबर ध्यान दिया। डॉ. यादव की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने किसी भी योजना को केवल घोषणाओं के स्तर पर नहीं रहने दिया। योजनाओं में परिणाम दिखाई दें,यह उनके प्रशासन की प्राथमिकता रही। लाड़ली बहना योजना जैसी महिला-केंद्रित नीतियों को उन्होंने केवल बनाए ही नहीं रखा, बल्कि उन्हें मजबूत करते हुए यह सुनिश्चित किया कि इसका लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से महिलाओं तक पहुंचे। जनकल्याण की ये योजनाएं राज्य की सामाजिक संरचना को नई दिशा देती हैं और महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करती हैं।

डॉ. यादव की नेतृत्व शैली का सबसे प्रभावशाली पक्ष उनकी सहजता और जनता से उनका स्वाभाविक संबंध है। वे मंचों और भव्य आयोजनों के नेता नहीं, बल्कि सरल, संवादशील और जमीन से जुड़े नेतृत्व का उदाहरण हैं। उनकी यह शैली जनता के मन में यह विश्वास जगाती है कि उनका मुख्यमंत्री दूर नहीं, उनके बीच का व्यक्ति है जो कम शब्द बोलता है, पर काम ज्यादा करता है। सत्ता और संगठन के बीच उनका संतुलन भी उल्लेखनीय रहा। भाजपा संगठन के साथ उनके संबंध राजनीति में वह स्थिरता पैदा करते हैं जो किसी भी सरकार की सफलता का मूल आधार होती है। हेमंत खंडेलवाल के साथ उनकी समझदारी ने इन दो वर्षों में शासन और संगठन को एक स्पष्ट दिशा दी, जिससे निर्णय तेज हुए और राजनीतिक तालमेल मजबूत हुआ। धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मध्यप्रदेश की विकास यात्रा के साथ जोड़ना भी डॉ. यादव के नेतृत्व की विशिष्टता है। उज्जैन,ओंकारेश्वर, अमरकंटक, रामराजा सरकार और खजुराहो जैसे स्थलों पर विकास कार्यों ने प्रदेश की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत की है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

### नई एयरलाइंस से पहले पुरानी बचाना जरूरी

**सचिन शर्मा**

आज सामने जो इंडिगो संकट दिखाई दे रहा है, वह न तो अचानक पैदा हुआ है और न ही इसे अप्रत्याशित कहा जा सकता है। सच यह है कि यदि यह आज नहीं तो कल सामने आना ही था। आज इस अव्यवस्था का भार इंडिगो के कंधों पर है लेकिन मौजूदा संरचना में कल यह संकट किसी और एयरलाइन के कंधों पर भी आ सकता है। यह घटना दरअसल किसी एक कंपनी की विफलता नहीं बल्कि पूरे भारतीय एविएशन इकोसिस्टम की संरचनात्मक कमजोरियों की ओर इशारा करती है। इन हालातों में अक्सर कहा जाता है कि देश में चार पाँच बड़ी एयरलाइंस होनी चाहिए ताकि प्रतिस्पर्धा बनी रहे और उपभोक्ताओं को विकल्प मिलें। यह तर्क सुनने में आकर्षक लगता है लेकिन असली सवाल है कि आखिर ये नई एयरलाइंस आएँगी कैसे? एयरलाइन कोई सामान्य या कम-जोखिम वाला व्यवसाय नहीं है जिसे कोई भी उद्यमी सोचकर तुरंत शुरू कर दे। यह अत्यंत जटिल, पूंजी-प्रधान, उच्च जोखिम और दुनिया के सबसे अधिक विनियमित उद्योगों में से एक है। एयरलाइन शुरू करने के लिए केवल विमान खरीदना या लीज पर लेना ही पर्याप्त नहीं होता। इसके लिए स्लॉट्स, एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रशिक्षित पायलट और क्रू, मेंटेनेंस इंजीनियर, ऊढ्ढउअ से लगातार अनुमतियाँ, विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन, ईंधन मूल्य अस्थिरता, बीमा, और अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन यह सब एक साथ संभालना पड़ता है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर भी एयरलाइन उद्योग का दिवालियापन दर या फेलियर रेट अन्य उद्योगों की तुलना में कहीं ज्यादा है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि क्यों बड़े औद्योगिक घराने भी एविएशन से कतराते हैं।

एयरलाइन व्यवसाय में कदम रखने से पहले केवल पूंजी नहीं बल्कि असाधारण साहस, धैर्य और दीर्घकालिक दृष्टि की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि आज भी भारत के कई बड़े और स्थापित औद्योगिक समूह जो ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग या डिजिटल बिजनेस में अग्रणी हैं एविएशन सेक्टर में प्रवेश करने से बचते हैं।

### बुनियादी शिक्षा में प्रयोगवाद का अर्थ

**संजीव**

बुनियादी शिक्षा में प्रयोगवाद का अर्थ केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित शिक्षा नहीं, बल्कि जीवन के अनुभवों, सामाजिक यथार्थ और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित शिक्षा से है। आज का समय ज्ञान, मूल्य, तकनीक और मानवीयता के समन्वय का समय है, जहां बुनियादी और नैतिक शिक्षा किसी भी समाज, व्यक्ति और राष्ट्र के नैतिक, मानसिक व आर्थिक विकास की दिशा निर्धारित करती है। किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति उसका शिक्षित, सुसंस्कृत और जागरूक नागरिक वर्ग होता है। जिस देश में शिक्षा जितनी गहरी, संस्कृति जितनी समृद्ध और प्रयोगवाद जितना सशक्त होता है, वह राष्ट्र उतना ही विकसित, पुष्पित और पल्लवित होता है। आज भारत में विद्यालयों में नामांकन दर 97% तक पहुंच चुकी है और नई शिक्षा नीति 2020 में प्रबुनियादी शिक्षा में वैज्ञानिक प्रयोगवाद राष्ट्र निर्माण की आधारशिला.योगात्मक शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट तथा वैचारिक स्वतंत्रता पर विशेष बल दिया गया है, जो यह प्रमाणित करता है कि आधुनिक भारत शिक्षा को केवल नौकरी की अनिवार्यता नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला के रूप में देखता है। शिक्षा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विश्लेषणात्मक चिंतन आज विश्व की सबसे बड़ी जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक विश्व की लगभग 40% नौकरियां उन कौशलों पर आधारित होंगी जो समस्या-समाधान, रचनात्मकता और नवाचार की क्षमता से संचालित होंगी। अतः प्रयोगवादी शिक्षा के बिना आधुनिक समाज की उन्नति संभव ही नहीं। हर राष्ट्र में ऐसे विचारशील, नैतिक, ईमानदार और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित लोगों का समूह होना चाहिए, जो लोकतंत्र की आत्मा को नई ऊर्जा दे सकें, राष्ट्रहित के मूल मंत्र को दिशा दे सकें और जनसामान्य को यह बता सकें कि प्रगति का वास्तविक पथ विचारों की स्वतंत्रता, संस्कृति तथा नैतिकता के समन्वय से होकर गुजरता है। बिना संस्कृति, बिना संस्कार और बिना वैचारिक क्षमता के कोई समाज या राष्ट्र वैश्विक स्तर पर स्थाई विकास की कल्पना भी नहीं कर सकता।

## न्यूज फ्लैश

### के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना व कुमाऊँ विवि के संयुक्त तत्वावधान में एनईपी-2020 पर दस दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफल समापन

**नरवाना, 27 दिसंबर राहुल**
के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज, नरवाना तथा मदन मोहन मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीतिझ2020 के ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन विषय पर आयोजित दस दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की मूल अवधारणाओं, लक्ष्यों एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराना रहा। इस कार्यशाला के आयोजन के लिए के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के मध्य एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) संपन्न हुआ। दोनों संस्थानों ने इस अवसर पर यह सहमति व्यक्त की कि भविष्य में शैक्षणिक, अकादमिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को और अधिक मजबूत किया जाएगा, जिससे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को व्यापक लाभ मिल सके।

कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दस दिनों तक चले इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीतिझ2020 के विभिन्न आयामों जैसे बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, मूल्य आधारित शिक्षा तथा रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। समापन सत्र को संबोधित करते हुए मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर की निदेशक प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी ने कहा कि नई शिक्षा नीतिझ2020 देश की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। यह नीति शिक्षा को अधिक लचीला, व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाती है, जिससे विद्यार्थियों में नवाचार की सोच विकसित होगी और वे रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकेंगे।

के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना की प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेंगे और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक सशक्त बनाएंगे। दस दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों का संचालन प्रोफेसर अनीता छाबड़ा, जगबीर दूहन, डॉ. मधु शर्मा, डॉ. सीमा, उत्तर प्रदेश से डॉ. रेनू यादव तथा उत्तराखंड से डॉ. राकेश सहित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

वक्ताओं ने अपने अनुभवों के माध्यम से प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराया।

कार्यशाला के संयुक्त संयोजक डॉ. राजबीर नैन ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की प्राचार्या का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय व सफल सहभागिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। समापन सत्र में प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं व्यवहारिक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे अकादमिक कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

### दा कोणार्क अकाडेमी लाडवा में वीर बाल दिवस मनाया गया बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ

**लाडवा, 27 दिसम्बर (विजय कौशिक)**: दा कोणार्क अकाडेमी लाडवा में वीर बाल दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी सहित उन सभी वीर बालकों की शौर्यगाथा को स्मरण करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताएँ, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें वीर बालकों के साहस, त्याग और अदम्य आत्मबल का चित्रण किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर एस एस शर्मा और प्रधानाचार्य अंजनी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस दिवस का उद्देश्य बच्चों में साहस, सत्यनिष्ठा और देशप्रेम की भावना को जागृत करना है।

अंत में, सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में सदैव सत्य और न्याय के मार्ग पर चलेंगे तथा समाज और राष्ट्र की सेवा में योगदान देंगे।

# विधायक भयाना ने 40 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

इन परियोजनाओं में शहीद राव तुलाराम खेल स्टेडियम का मुख्य द्वार निर्माण भी शामिल है



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी)**: झ विधायक विनोद भयाना ने ढाणा कला गांव में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं में शहीद राव तुलाराम खेल स्टेडियम का मुख्य द्वार निर्माण भी प्रमुख रूप से शामिल है, जिससे क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक विनोद भयाना का भव्य स्वागत किया। हांसी को जिला बनवाने के लिए किए गए उनके सफल प्रयासों से प्रसन्न ग्रामीणों ने विधायक को लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने कहा कि हांसी को जिला बनाने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आमजन को प्रशासनिक सुविधाएं और अधिक सुलभ होंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ढाणा कला सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और हर गांव को बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव तक सर्विस रोड निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर विधायक ने बताया कि यह मांग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भेजी जा चुकी है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों ने मंदिर के निकट धर्मशाला में शेड निर्माण की मांग भी रखी, जिसे विधायक ने मौके पर ही पूरा करने की घोषणा करते हुए कहा कि इस कार्य का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करवाया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव, पुट्टी मंगल खा सरपंच सुरेंद्र, पूर्व वॉइस अध्यक्ष दयानंद, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव, गांव के सरपंच भूप सिंह, रामपुर सरपंच सुरेंद्र, ढाणी पिरान गांव के सरपंच जंगी, पूर्व सरपंच रतिराम यादव, सभा के प्रधान ओमप्रकाश, ढाणा खुर्द के सरपंच सोनू , राजेश धमाणा ,विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, ग्रामीण और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद की ओर से किया गया जर्सी वितरण



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 27 दिसम्बर(विजय कौशिक)** :भारत विकास परिषद लाडवा की ओर से जर्सी वितरण किया गया।

भारत विकास परिषद लाडवा ने भीषण सर्दी के मौसम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बडशामी एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला भूतमाजरा में जर्सी वितरण किया। प्रकल्प प्रमुख दीपक सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए आज दो विद्यालयों में लगभग 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को गरम जर्सी एवं जूते वितरित किए गए ताकि उनको विद्यालय में पढ़ाई में कोई दिक्कत न आए। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर विद्यालय स्टाफ की और से परिषद सदस्यों का स्वागत किया तथा इस नेक कार्य के लिए संस्था के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। भारत विकास परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव अरविंद सिंहल ने परिषद की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को भरोसा दिया कि भारत विकास परिषद आगे भी जरूरत के समय हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अमन गोयल, सुमित बंसल, रूमित गर्ग, दीपक सोनी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरोट में मनाया गया बाल दिवस

**लाडवा, 27 दिसम्बर (विजय कौशिक)** आज शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरोट (लाडवा) में 'शहीदी सप्ताह' के अंतिम दिन (वीर बाल दिवस) मनाया गया।यह सप्ताह दसवें गुरु ' श्री गुरु गोबिंद सिंह जी' के पूरे परिवार की धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए दिये गए बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है।बच्चे केशरिया रंग की पगड़ी व दुप्पटा लेकर स्कूल पहुंचे। कुछ बच्चों ने सिक्खी के प्रतिक कँगा, कृपान , व कडा भी पहना हुआ था। बच्चों ने सिखों की बहादुरी पर भाषण,कविता व शब्द आदि सुनाए।

## वीर बालदिवस पर शहीदों की याद में लगाया भंडारा

**वीर बाल दिवस**

डायरेक्टर प्रिंस पंजेटा ने अपने ऑफिस में वीर बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 27 दिसम्बर (विजय कौशिक)** : आज विजन सक्सेस आईलेट्स के डायरेक्टर प्रिंस पंजेटा ने अपने ऑफिस में वीर बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस दौरान सेंटर के डायरेक्टर प्रिंस पंजेटा जैनपुर ने गुरु गोबिन्द सिंह जी के वीर पुत्रों की सहादत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कैसे गुरु गोबिन्द सिंह के नन्हें नन्हें बालक अपने धर्म के लिए सूली पर चढ़ गए। हमें उन वीरों से शिक्षा लेनी चाहिए जिन्होंने थोड़ी सी उम्र में ही अपने कुल का नाम रोशन किया। उन्होंने अपनी जान की बाजी अपने धर्म को बचाने में लगा दी। पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चार साहिब जादों के जीवन के बारे में बताया गया ।वही देश और धर्म के खातिर आत्म बलिदान की वीरतापूर्ण कहानी से सभी का अवगत कराया गया है ।डायरेक्टर प्रिंस पंजेटा जैनपुर ने बताया कि गुरु साहिब ने धर्म के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान दे दिया था। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के बड़े दोनों पुत्र बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह जिनकी उम्र 18 वर्ष और 14 वर्ष थी ,चमकौर के दुर्ग में सैनिकों के साथ युद्ध करते हुए शहीद हो गए और उनके छोटे पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जिन की उम्र 9 वर्ष और 7 वर्ष थी, सरहिंद दुर्गा की दीवारों में जिंदा चिनवा दिए गए किंतु उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा।

इस अवसर पर छोले कुल्चे का भंडारा लगाया गया। संगत के साथ साथ लोगों ने भंडारे का आनंद उठाया।

पंकज शर्मा बरोट ने बताया कि वीर साहिबजादो के अलौकिक बलिदान ने खालसा पंथ को और अधिक मजबूत बना दिया।वीर बलिदानों का बलिदान युगों तक बच्चों में नया उत्साह भर देगा।

### पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने हरियाणा में सीग्राम्स एक्सक्लेमेशन! लॉन्च किया

**करनाल।** पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने हरियाणा में सीग्राम्स एक्सक्लेमेशन! के लॉन्च की घोषणा की है। यह कंपनी की पिछले 30 वर्षों में सबसे महत्वाकांक्षी इनोवेशन पहल मानी जा रही है। सीग्राम्स एक्सक्लेमेशन! भारत का ऐसा अनोखा ब्रांड पोर्टफोलियो है, जिसमें पाँच अलग-अलग स्पिरिट कैटेगरी — व्हिस्की, वोडका, जिन, रम और ब्रांडी — को एक ही ब्रांड नाम और एक समान कीमत पर, प्रीमियम एडमिक्स सेगमेंट में पेश किया गया है ।यह ब्रांड एंट्री-लेवल प्रीमियम प्राइस सेगमेंट के एक बड़े और अब तक खाली रहे स्पेस को ध्यान में रखकर रणनीतिक रूप से लॉन्च किया गया है। इसका लक्ष्य भारत के तेजी से बढ़ते युवा वयस्क उपभोक्ता हैं। जिनकी आयु 26 से 30 वर्ष के बीच है। ये उपभोक्ता बिना ज्यादा कोशिश के अपनी अलग पहचान बनाते हैं और कुछ अलग पसंद करते हैं। ये लोग समूहों में जुड़ते हैं और जब मिक्स्ड जेंडर गैदरिंग्स में इकट्ठा होते हैं, तो हर व्यक्ति की पेय पदार्थ की पसंद अलग होती है। यही कारण है कि व्हिस्की के अलावा जिन, वोडका, रम और ब्रांडी जैसी श्रेणियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। हर साल 20 मिलियन से अधिक उपभोक्ता कानूनी रूप से शराब पीने की उम्र में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में एक्सक्लेमेशन! किफायती प्रीमियम कीमत पर गुणवत्ता वाली स्पिरिट्स की उस जरूरत को पूरा करता है, जो अब तक पूरी नहीं हो पाई थी। ब्रांड का संदेश इट्स टाइम फॉर एक्सक्लेमेशन!

## शिक्षा भारती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उझाना में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 27 दिसंबर राहुल**
उझाना पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम द्वारा शिक्षा भारती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उझाना में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल अनिल चहल सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने टीम का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उप पुलिस अधीक्षक




नरवाना कमलदीप राणा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और यदि युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में चला जाता है तो देश कभी प्रगति नहीं कर सकता। नशा शरीर को अंदर से कमजोर कर देता है, मानसिक संतुलन बिगाड़ देता है तथा परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कई वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा मुक्त और स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा और प्रगति की गारंटी है। उन्होंने विद्यार्थियों को ह्लर८ ी२ ळङ्क छी, ठङ्क ळङ्क ३ॠ४ ्२ह्व अभियान से जुड़ने का आह्वान किया तथा ऑनलाइन शपथ लिंक के माध्यम से नशा मुक्त भारत बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशा करने वाले अथवा नशे से संबंधित व्यक्तियों की सूचना दिए गए लिंक के माध्यम से पुलिस तक पहुंचाने के बारे में भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीट बेल्ट और हेलमेट पहनना जीवन सुरक्षा का मूल आधार है तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने धुंध के मौसम में सावधानी बरतने, अत्यावश्यक होने पर ही यात्रा करने और मौसम साफ होने का इंतजार करने की अपील की, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसों का कारण बन सकती है। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि अनजान लिंक या संदेशों पर क्लिक न करें, अपनी निजी जानकारी किसी अजनबी के साथ साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर दें।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 27 दिसंबर राहुल**
पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में जिला जींद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत जींद पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब से जुड़े आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की है।

सीआईए स्टाफ नरवाना के इंचार्ज उप निरीक्षक सुखदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि



सीआईए स्टाफ की एक टीम सहायक उप निरीक्षक शमसेर सिंह के नेतृत्व में गांव पीपलथा क्षेत्र में गश्त व पड़ताल पर मौजूद थी। इस दौरान टीम को मुखबिर खास से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि अमरजीत उर्फ लाडी निवासी पीपलथा अपने पशु बाड़े में अवैध रूप से कच्ची शराब निकालने का काम करता है। पुलिस ने सूचना को पुख्ता मानते हुए तुरंत मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर रेड की। रेड के दौरान आरोपी अमरजीत उर्फ लाडी को मौके पर ही काबू कर लिया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर पशु बाड़े में बने कमरे से नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम में भरी कुल 110 लीटर अवैध लाहण बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी शराब संबंधी कोई भी वैध परमिट या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। बरामद की गई अवैध लाहण को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया।

### टीबी मुक्त हरियाणा बनाने के लिए टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ाये स्वास्थ्यकर्मीः डॉ.जीत शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।**
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बॉस में शनिवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन पीएचसी प्रभारी डॉ. पिंकी जांगड़ा की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक में चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीत शर्मा,एसटीएस पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन स्वास्थ्य निरीक्षक रणबीर सिंह व स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

## बलिदानों की दीवार ने रोकी मुगलिया आतंक की आंधी : डॉ. चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** वीरता केवल हथियार उठाने में नहीं, बल्कि सत्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने में होती है। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों का जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने की।

वे आर्य विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल जांबा में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। विद्यालय के प्राचार्य जय प्रकाश आर्य और




प्रबंध समिति के सदस्यों ने डॉण चौहान का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा उनके आगमन पर आभार व्यक्त किया गया।डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की तीन पीढि?ां अगर मुगलिया आतंक और अत्याचार के सामने बलिदान की दीवार खड़ी नहीं करती तो भारत के एक बड़े हिस्से से भारतीय संस्कृति का सफाया हो जाता। उन्होंने कहा कि करोड़ों हिंदुस्तानी आज भी इस बात के लिए गुरु गोबिंद सिंह उनके साहिबजादो और हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के ऋणी है। मातृभूमि के साथ मां जैसा लगाओ और सम्मान का भाव विद्यार्थियों में पैदा करना गुरुजनों और अभिभावकों का दायित्व है।

डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वीर बाल दिवस सीखो के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों की अद्वितीय शहादत को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि देश, धर्म और मानव मूल्यों की रक्षा के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। उन्होंने कहा कि यह दिन आने वाली पीढि?ों को साहस, त्याग और आत्मसम्मान का संदेश देता है।

## एन.एस.एस शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया /सोनीपत**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सनपेडा में आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन आज दिनांक 27-12-2025 को अत्यंत उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 50 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री नरेश सरोहा जी, भूतपूर्व जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को एन.एस.एस. शिविर के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



उनके प्रेरणादायक उद्बोधन से विद्यार्थियों में सेवा-भाव और अनुशासन की भावना प्रबल हुई। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. सुभाष सिसोदिया जी ने भी विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अपने प्रेरक विचारों के साथ-साथ गायन के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोरंजन भी किया, जिससे कार्यक्रम और अधिक रोचक व प्रभावशाली बना।

डॉ. सुभाष सिसोदिया जी के साथ पधारे श्री परवीन वर्मा जी, निदेशक, वर्मा पैथ लैब ने सामाजिक कार्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने का संदेश दिया।शिविर में सरपंच श्री प्रमोद ढाका जी द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद किया गया तथा उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक, सरपंच श्री प्रमोद ढाका जी, विद्यालय के प्राचार्य श्री सुशील राठी जी, कार्यक्रम अधिकारी वर्षा जी, कार्यक्रम सहयोगी डॉक्टर जितेंद्र जी व राजबीर जी सहित सनपेडा के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के तृतीय दिवस में विभिन्न शिक्षाविदों एवं समाज सेवकों द्वारा शिक्षा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, साइबर क्राइम, कृषि तथा पर्यावरण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की जा रही है। विद्यालय की प्राचार्या महोदया ने अपने अनमोल वचनों से सभा का मनोबल बढ़ाया और कहा कि विद्यालय ही वह सशक्त मंच है जहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न बौद्धिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखार जा रहा है।

## नरवाना में गौवंश के लिए ऐतिहासिक पहल, विश्व हिंदू सेना ने शुरू किया शहरव्यापी कंबल अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 27 दिसंबर राहुल**
भीषण सर्दी के प्रकोप को देखते हुए नरवाना शहर में गौवंश की रक्षा के लिए एक सराहनीय और मानवीय पहल सामने आई है। विश्व हिंदू सेना नरवाना टीम द्वारा शहरभर में गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए कंबल उठाने (ओढ़ाने) और प्रतिदिन गुड़ खिलाने का व्यापक अभियान शुरू किया गया है।

गऊ सेवा नरवाना के अध्यक्ष अमन गर्ग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नरवाना में सर्दी के कारण किसी भी गौवंश की मृत्यु नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह केवल एक दिन का कार्यक्रम



नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाला मिशन है, जिसके तहत हर दिन गौवंश की देखभाल, भोजन और ठंड से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

इस अभियान में रामजाने रैबारी, हर्ष नायक, यश धिमान, उपेंद्र शर्मा सहित अनेक गौ सेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टीम के सदस्यों ने शहर की सड़कों, गलियों और खुले स्थानों पर रह रहे गौवंशों को कंबल पहनाकर उन्हें राहत पहुंचाई।

स्थानीय नागरिकों ने विश्व हिंदू सेना और गऊ सेवा नरवाना के इस सेवा कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। लोगों ने अपील की कि अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं भी आगे आकर गौवंश संरक्षण के इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। नरवाना में शुरू हुआ यह गौ सेवा अभियान न केवल पशु प्रेम की मिसाल बन रहा है, बल्कि समाज को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश भी दे रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक की टक्कर से सड़क से गुजर रहा युवक घायल

**रादौर, 27 दिसम्बर (कुलदीप सैनी) :** गांव अंटावा के समीप सड़क से गुजर रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसके बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों की मदद से युवक को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अंटावा निवासी प्रिंस ने बताया कि मैं व मेरे ताऊ का लड़का राकेश कुमार शाम करीब सात बजे सड़क के किनारे घूम रहे थे। जब वह वापिस लौट रहे थे तो शिव मंदिर के पास अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से राकेश को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राकेश बुरी तरह से घायल हो गया। जब मैं राकेश को संभालने में व्यस्त हो गया तो बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा प्लाई बोर्ड से भरा ट्रक, बड़ा हादसा टला



**रादौर, 27 दिसम्बर (कुलदीप सैनी) :** एसके मार्ग पर गांव जुब्बल के समीप शनिवार की सुबह बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। यमुनानगर से प्लाईबोर्ड लेकर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में ट्रक चालक और उसका साथी बाल बाल बच गए। वहीं सड़क किनारे से गुजर रहा अन्य कोई वाहन भी उनकी चपेट में नहीं आया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार प्लाई बोर्ड से लदा हुआ एक ट्रक यमुनानगर से रादौर की ओर जा रहा था। जब ट्रक गांव जुब्बल के पास पहुंचा, तो सामने से आ रहे एक वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में चालक ने संतुलन खो दिया। जिससे ट्रक सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर जमा हो गए और चालक व परिचालक को सुरक्षित बाहर निकाला।

### गांव लक्ष्सीबांस से चार किसानों की पांच मोटरें चोरी, केस दर्ज

**रादौर, 27 दिसम्बर (कुलदीप सैनी) :** जठलाना थाना क्षेत्र में मोटर चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। गांव लक्ष्सीबांस से चार किसानों की पांच मोटरें चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लक्ष्सीबांस निवासी कपिल कुमार ने बताया कि उसके खेतो में टयूबवैल पर पांच हार्स पावर की मोटर लगी हुई थी। सुबह जब वह अपने खेतों में गया तो उसने देखा कि मोटर वहां से गायब थी। उसने आसपास जांच की तो पता चला कि उसके पड़ोसी किसान राहुल, रामपाल की एक एक मोटर व जयपाल की दो मोटरें भी चोरी हुई है।

# लोगों को मिलनी चाहिए पारदर्शी प्रणाली से तमाम सुविधाएं: विश्राम

**अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती गई तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी**

**प्रणाली**

**6 तहसीलों व सब तहसीलों में एक दिन में 667 लम्बित इंतकालों के कार्यों को पूरा किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले की 6 तहसीलों व सब तहसीलों में एक दिन में 667 लम्बित इंतकालों के कार्यों को पूरा किया गया है। इस जिले की सभी तहसीलों में लोगों को पारदर्शी प्रणाली से सरकार की तमाम ऑनलाइन सुविधाओं का फायदा दिया जा रहा है। अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती गई तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शनिवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में बैठकर लम्बित इंतकालों के कार्य को पूरा करने के आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी की देखरेख में थानेसर तहसील में 215, पिहोवा में 82, इस्माईलाबाद में 150, लाडवा में 72, बाबैन में 73 और शाहबाद में 75 लम्बित इंतकालों के कार्य को पूरा किया गया है। इस प्रकार इन 6 तहसील कार्यालयों में कुल 667 इंतकाल किए गए है। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबैन की उप तहसील से ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन इंतकाल, ऑनलाइन प्रणाली से निशानदेही करने की योजना को अमलीजामा पहनाया था। इस प्रदेशव्यापी योजना से अब तहसीलों में लोगों को घर बैठे ही रजिस्ट्री करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाई है। इसके साथ ही अब ऑनलाइन इंतकाल के कार्य को भी किया जा रहा है। इस ऑनलाइन प्रणाली के तहत जितने भी लंबित इंतकाल है उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश दिए गए है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में जीरो टोरलैंस पॉलिसी के आधार पर अधिकारियों को कार्य करना होगा।

सभी अधिकारी ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निवर्हन करना सुनिश्चित करेंगे। इस जिले में राजस्व विभाग के साथ-साथ सभी विभागों में लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर अधिकारी निर्धारित समय अवधि के अंदर समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी अधिकारी की शिकायत मिली तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# अटल स्मृति सम्मेलन का हुआ आयोजन



**रादौर, 27 दिसम्बर (कुलदीप सैनी) :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन स्थानीय पैलेस में किया गया। जिसमें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने की। कार्यक्रम में रोजी मलिक आनंद व मेयर मदन चौहान मुख्य वक्ता रहे। जबकि अभियान के संयोजक नरेंद्र सिंह राणा भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी के समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कार्यकताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन गंगाजल की तरह पवित्र रहा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को सशक्त करने का कार्य किया और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा निरंतर कार्य कर रही है और इसमें देश के 140 करोड़ नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है।

उन्होंने स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया। वहीं वरिष्ठ कार्यकताओं के सम्मान पर उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती इन्हीं कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है, इसलिए उनका सम्मान किया जाना सराहनीय है।

# मेडिकल नशे से युवाओं की मौत के बाद एक्शन में पुलिस, चलाया सर्च अभियान

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया क्षेत्र में नशे के कारण युवाओं की मौत के बढ़ते मामलों के बाद रतिया पुलिस एक्शन में है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतिया दिव्यांशी सिंगला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शनिवार को रतिया क्षेत्र में नशे के विरुद्ध विशेष सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने रतिया शहर व आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, पूर्व में संलिप्त रहे आरोपियों तथा चिन्हित ठिकानों की सघन जांच की। पुलिस ने स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए लोगों से भी सहयोग की अपील की और नशे से जुड़ी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाने का संदेश दिया। सर्च अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई तथा आवश्यकतानुसार पूछताछ कर रिकॉर्ड की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बालाजी नशा मुक्ति केंद्र, रतिया का दौरा कर केंद्र में भर्ती नशा पीड़ितों के उपचार की प्रक्रिया, उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं तथा देखभाल व्यवस्था की विस्तार से जांच की। उन्होंने केंद्र प्रबंधन को उपचार की गुणवत्ता व मरीजों की नियमित काउंसलिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# समाज में जनसेवा करना ही रोटरी क्लब का मूल उद्देश्य: रवि प्रकाश

**धूमधाम से**

**रोटरी क्लब शाहाबाद का डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न**



**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहाबादः (प्रदीप कुमार)** रोटरी क्लब शाहाबाद का डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हो गया। जिसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश अपनी पत्नी फर्स्ट लेडी ऑफ डिस्ट्रिक्ट शालिनी प्रकाश के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान क्लब के प्रधान डा. आर. एस. घुम्मन एवं क्लब के सदस्यों ने अतिथियों का अभिनंदन उत्साह के साथ किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश ने इस दौरे के दौरान विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया। सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विभिन्न विद्यालयों की 20 जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरत किये गये। इसके उपरांत 100 जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरण किये गये। इसके पश्चात क्लब एसेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने अपनी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। दोपहर बाद जिला गवर्नर ने डी.ए.वी. सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्थापित कंप्यूटर सेंटर एवं सिलाई सेंटर का निरीक्षण किया तथा पास छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। सायं के समय आयोजित मुख्य में कॉलर सेरेमनी, नए सदस्यों का इंडक्शन, रोट्रैक्ट क्लब को चार्टर प्रदान तथा रोटरी फाउंडेशन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिला गवर्नर रवि प्रकाश ने रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा किये जा रहे जनहित कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनसेवा ही रोटरी क्लब का मूल उद्देश्य है। उन्होंने क्लब प्रधान डा. आर. एस. घुम्मन की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए कहा कि डा.घुम्मन सही अर्थों में सेवा भाव से जुड़े हुए, समर्पित और अत्यंत सक्रिय रोटेरियन हैं। असिस्टेंट गवर्नर डा. एस. एस. आहुजा तथा डा. उपासना आहूजा, चीफ एडवाइजर टू गवर्नर रोटेरियन आर. के. गर्ग तथा सुनील गर्ग को सम्मानित किया गया। अंत में चीफ एडवाइजर टू गवर्नर आर. के. गर्ग ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच का संचालन क्लब सचिव

# हर वार्ड और सैक्टर की सड़कों और गलियों का हो रहा निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**नवीनीकरण**

**इस शहर में लगभग सभी प्रमुख सडकों का नवीनीकरण किया जा चुका है**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से थानेसर शहर के हर वार्ड और सेक्टर की खराब सडकों और गलियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस शहर में लगभग सभी प्रमुख सडकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। अभी जिन सडकों का निर्माण कार्य लम्बित है उन सडकों का निर्माण कार्य फरवरी माह के बाद शुरू कर दिया जाएगा। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को नगर परिषद व आरडब्लयूए की तरफ से आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सेक्टर 4 वार्ड 14 में 9 लाख 34 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 600 मीटर स्ट्रोम वाटर लाइन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा पूर्व राज्यमंत्री ने 27 लाख 94 हजार की लागत से वार्ड 8 मोहन नगर में विभिन्न गलियों जिनमें बालाजी मिल्क डेयरी से एडवोकेट अमर राज, कृष्णा के घर से निंदा वाया मलकीत ढांडा के घर तक शामिल है, के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने 3 लाख 43 हजार रुपए की लागत से वार्ड 8 में डा. जैन अस्पताल से विपिन शर्मा के घर तक बनने वाली गली तथा 8 लाख 22 हजार रुपए की लागत से सेक्टर 8 में 1046 बनने वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

# यूथ वीरांगनाएं संस्था ने सेक्टर-24 की झुग्गियों में बाँटी सर्दी की राहत



**पानीपत , ( कमल चौधरी )** यूथ वीरांगनाएं संस्था द्वारा आज सेक्टर-24 की झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं गरीब परिवारों को सर्दी से राहत पहुँचाने के उद्देश्य से गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड के इस दौर में संस्था की यह पहल उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनी, जिनके लिए सर्दी हर वर्ष एक गंभीर चुनौती साबित होती है। इस सेवा अभियान में यूथ वीरांगनाएं संस्था की सक्रिय सदस्य बृज बाला, ज्योति सैनी, पूजा डोगरा, राजबाला, कोमल अरोड़ा सहित अन्य सदस्यों की विशेष भूमिका रही। सभी सदस्यों ने टीम भावना के साथ स्वयं जरूरतमंदों तक पहुँचकर कपड़े वितरित किए और बच्चों व महिलाओं से संवाद कर उन्हें अपनापन, सम्मान और सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और महिलाओं की आंखों में राहत व विश्वास साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर संस्था की टीम ने यह संदेश दिया कि यूथ वीरांगनाएं संस्था केवल सहायता तक सीमित नहीं है।

# खरखौदा में महिला ट्रक चालक से दुष्कर्म का प्रयास, मामला दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के खरखौदा थाना क्षेत्र में एक महिला ट्रक चालक के साथ कंपनी मालिक द्वारा दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता उत्तर प्रदेश के एक गांव की रहने वाली है और पिछले दो वर्षों से ट्रक चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि एक दिसंबर को वह कंपनी के ट्रक में डीजल भरवाने के बाद लगभग तीन सौ मीटर आगे हवा भरवाने के लिए ट्रक के केबिन में बैठी थी। इसी दौरान कंपनी का मालिक केबिन में घुस आया और अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा।

# श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया वीर बाल दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**नमन किया**

**बाल संस्थानों में विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया**

**कुरुक्षेत्र :** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों तथा बाल देखभाल संस्थानों में विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस आयोजन में बच्चों को साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी के अद्वितीय साहस, त्याग एवं धर्म के प्रति अडिग निष्ठा से परिचित कराना रहा। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को साहिबजादों के जीवन, उनके संघर्ष तथा बलिदान की प्रेरक कथाओं के माध्यम से वीरता, सत्य, धैर्य एवं देशभक्ति का संदेश दिया गया।

बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कहानी वाचन, चित्रकला एवं रंग भरने की प्रतियोगिता, निबंध एवं कविता पाठ, देशभक्ति गीत, पोस्टर निर्माण तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित संवाद जैसी गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं बाल देखभाल संस्थानों के स्टाफ द्वारा बच्चों को बताया गया कि साहिबजादों का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त, संवेदनशील एवं जिम्मेदार समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में आत्मबल, अनुशासन, नैतिकता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।

# श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में साहिबजादों को किया भावपूर्ण नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**याद किया**

**साहबजादों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है : प्रधानाचार्या पूजा शर्मा**

**कुरुक्षेत्रः** श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहबजादों को श्रद्धा और सम्मान के साथ भावपूर्ण नमन किया गया। यह कार्यक्रम देशभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना से ओत-प्रोत रहा, जिसने उपस्थित सभी जनों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापिका रूबी वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने साहिबजादों के अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान का मार्मिक वृतांत प्रस्तुत करते हुए पूरे वातावरण को भावुक कर दिया। उनके शब्दों ने विद्यार्थियों के हृदय में देश प्रेम और वीरता की भावना जागृत कर दी। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें कविता वाचन, शब्द वाचन, कहानी वाचन, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन लेखन शामिल रहे। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से कक्षा पाँचवीं एवं छठी के विद्यार्थी मनस्वी, पलकप्रीत ,गुर रहमत गुरनुर तरनवीर ,तेजवीर ,प्रभनूर अरमान दीप ,गुनीत,ने कविता वाचन और शब्द वाचन के माध्यम से साहबजादों के बलिदान को इतनी भावुक अभिव्यक्ति दी कि सभी मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों की प्रस्तुति ने मातृभूमि के लिए समर्पण की भावना को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने भी वीर साहबजादों को शत-शत नमन करते हुए कहा कि साहबजादों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। वीर बाल दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के मन में साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति के संस्कार अंकित कर गया।

# गांव कलेसरा में साहिबजादों की शहादत को समर्पित चाय-पकौड़े का लंगर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**



**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** क्षेत्र के गांव कलेसरा में आज गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों की शहीदी को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए ग्रामीणों द्वारा चाय-पकौड़े का लंगर आयोजित किया गया। लंगर आयोजन में गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्ण श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर निर्मल कलेसरा ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि लंगर की परंपरा समानता, भाईचारे और सेवा का संदेश देती है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर सरदार हरबंस सिंह, पिंकी, जयचंद, नरेंद्र, निर्मल माजरी, मदन, नवजोत, जगमीत सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# अटल जी का जीवन, विचार व नेतृत्व राष्ट्रनिर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरणा : कृष्णा गहलावत

**सम्मेलन**

अटल स्मृति सम्मेलन में गूंजे सुशासन-राष्ट्रसेवा के विचार, अटल जी को दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** बीडीपीओ कार्यालय, राई में शनिवार को अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, आदर्शों और राष्ट्रसेवा के संकल्प को भावपूर्ण रूप से स्मरण किया गया। सम्मेलन की शुरूआत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली और राई विधायक कृष्णा गहलावत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने विधायक कृष्णा गहलावत का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी का जीवन, विचार और नेतृत्व आज भी सुशासन, राष्ट्रनिर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के पावन अवसर पर हम सभी उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं। अटल जी केवल एक महान राजनेता नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, उसकी विचारधारा और लोकतांत्रिक चेतना के सशक्त प्रतीक थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, शालीनता और मानवीय संवेदनाओं का अनुपम उदाहरण रहा। कृष्णा गहलावत ने कहा कि राजनीति को सेवा और शुचिता का स्वरूप देने वाले अटल जी की पहचान यह थी कि विरोध में भी सम्मान और सत्ता में भी विनम्रता बनी रही। उन्होंने कहा कि आज अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाना केवल स्मरण नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कहा कि विकसित भारतझ2047 का सपना तभी साकार होगा, जब युवा पीढ़ी उसमें सक्रिय भागीदारी निभाएगी। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्राम सड़क योजना, दूरसंचार, शिक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की। इस मौके पर सतीश नांदल, अशोक भारद्वाज, राजीव जैन, सुमित्रा चौहान, सोनिया मोर, अरुण चौहान, मोनिका, राजवीर दहिया, अध्यक्ष शिमला देवी अध्यक्ष नगर पालिका कुंडली प्रदीप, सीमा , अध्यक्ष ब्लॉक समिति सत्य रोड, अध्यक्ष ब्लॉक समिति खरखोदा, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, मंडल अध्यक्ष विकास कौशिक, मंडल अध्यक्ष इंदर चौहान, पुनीत राई, कुलदीप नांगल, सत्यनारायण, अंतिम, भगवान जोगी, जेपी रेवाली, मनोज त्यागी, योगेश जठेड़ी, सुनीता, बी. किरण, बाल कृष्णा मुरथल, अमरजीत मेहंदीपुर, शीलू मेहंदीपुर सहित सभी ब्लॉक समिति के पार्षद, हल्का राई के सभी सरपंच, जिला पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के उद्देश्यों व सामाजिक महत्व के बारे में स्वयं सेवकों को किया जागरूक

**शिविर**

वर्मा पैथ लैब के निदेशक प्रवीण वर्मा ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेडा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का तृतीय दिवस में लगभग 50 स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र व समाज सेवा के महत्व को समझा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेश सरोहा, भूतपूर्व जिला समन्वयक, उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस शिविर के उद्देश्यों और इसके सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है। डॉ. सुभाष सिसोदिया ने भी विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अपने विचारों के साथ-साथ गायन के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया, जिससे कार्यक्रम और अधिक जीवंत व प्रभावशाली बन गया। विद्यार्थियों ने उनके विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और तालियों के साथ उनका स्वागत किया। वर्मा पैथ लैब के निदेशक प्रवीण वर्मा ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

## न्यूज फ्लैश

### प्रयास जूनियर स्कूल का 20वां वार्षिक समारोह आज, विधायक देवेंद्र कादियान होंगे मुख्य अतिथि

**गन्नौर /टीम एक्शन इंडिया**
किशनपुरा स्थित प्रयास जूनियर स्कूल में विद्यालय का 20वां वार्षिक समारोह आज रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि होंगे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वार्षिक समारोह के दौरान नन्हे विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत, नाटक एवं रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिनके माध्यम से बच्चों की प्रतिभा, संस्कार और आत्मविश्वास का प्रदर्शन होगा। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के निदेशक अमित बत्रा ने बताया कि प्रयास जूनियर स्कूल पिछले कई वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। यह वार्षिक समारोह विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों का प्रतीक होगा। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को है।

### दुकान से घर लौट रहे मोटरसाइकिल चालक को चाकू से हमला कर घायल किया, मामला दर्ज

**गन्नौर:** दुकान से घर लौट रहे मोटरसाइकिल चालक के साथ मोटरसाइकिल सवार लड़को ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत बड़ी थानां पुलिस को दी है। शिकायत में गांव देहरा गांव निवासी संजय ने बताया कि गांव महावटी मोड़ पर उसकी दुकान है। 25 दिसम्बर को वह अपनी दुकान पर था। इस दौरान 5, 6 लड़के उसकी दुकान पर आए और सिगरेट लेकर उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। शाम को घर जाते समय जब कृष्णा ढाबे के पास पहुँचा तो एक मोटरसाइकिल उसकी मोटरसाइकिल के आगे रुकी। जिस से नितिन, प्रवेश व उसके साथी उतरे और चाकू व डंडों से उसके ऊपर हमला कर घायल कर दिया।आरोपियो ने चाकू से कई वार किए और उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी नितिन, प्रवेश व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंचकुला शहर के सेक्टर-6 में तेंदुए के दिखाई देने से इलाके में दहशत का माहौल

**पंचकूला मैनपाल**
पंचकुला शहर के सेक्टर-6 में तेंदुए के दिखाई देने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुआ देर रात घरों और गलियों में घूमता हुआ देखा गया, जिसकी वीडियो भी कैमरे में कैद हुई है। वीडियो सामने आने के बाद से लोगों में भय का माहौल है और कई परिवारों ने एहतियातन अपने घरों में ही रहना शुरू कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और वन विभाग और वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है और तेंदुए की तलाश की जा रही है। टीम द्वारा आसपास के जंगलों, खाली प्लॉटों और रिहायशी इलाकों में गश्त की जा रही है। इसके साथ ही इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। वन विभाग ने पंचकूला के लोगों से अपील की है कि जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाता, तब तक घरों से बाहर न निकलें। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन का कहना है कि तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। पूरे मामले पर लगातार नजर रखी जा रही है और हालात सामान्य होने तक सुरक्षा इंतजाम जारी रहेंगे। जब इस बारे में वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी के डीएफओ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि लेपर्ड सुरक्षित अपने चंडी मंदिर के जंगल में चला गया है अब किसी शहर वासी को डरने की जरूरत नहीं है हमारी टीम रात को और दिन में 24 घंटे कार्य कर रही है।

## घरौंडा क्षेत्र के हर गांव में महिलाओं के लिए बनेंगे महिला हॉल: हरविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को घरौंडा के गांवों अलीपुर खालसा, फरीदपुर और कलहेड़ी में 4 करोड़ 4 लाख 75 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। हरविन्द्र कल्याण ने गांव अलीपुर खालसा में 65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले परशुराम भवन और 65 लाख रुपए की कीमत से बनने वाले कम्युनिटी हॉल में एडिशनल हॉल का शिलान्यास किया। इसके पश्चात



उन्होंने गांव फरीदपुर में 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कम्युनिटी हॉल का शिलान्यास, 35 लाख रुपए से बनी लाइब्रेरी और 57 लाख रुपए की लागत से जोहड़ के सौंदर्यीकरण के कार्य का उद्घाटन किया।
इसके साथ ही गांव कलहेडी में 11.73 लाख की लागत से बनी लाइब्रेरी, 10.70 लाख से बनी वाल्मीकि चौपाल, 5 लाख रुपए से रोड़ चौपाल का रिनोवेशन का उद्घाटन व 65 लाख की लागत से बनने वाले कम्युनिटी हॉल का शिलान्यास किया।
अपने संबोधन में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण ने कहा कि घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में महिला हॉल का निर्माण किया जाएगा।
इन हॉलों के बनने से ग्रामीण महिलाओं को भजन.कीर्तन, सत्संग और अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित और साझा स्थान उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अलीपुर खालसा गांव की सभी जायज मांगों को पूरा किया जाएगा। गांव में जल निकासी और फैक्ट्रियों से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी का जल्द समाधान किया जाएगा। सरकार द्वारा एक विशेष संयुक्त प्रोजेक्ट लगाया जाएगा जिससे पूरे क्षेत्र की जल निकासी को एक ही स्थान पर सुनिश्चित कर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

## नई भर्ती प्रक्रिया से हटे 35 प्रतिशत न्यूनतम अंक की शर्तः योगेंद्र योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी):** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा हाल ही में लागू की गई नई भर्ती प्रक्रिया सामाजिक न्याय और संवैधानिक आरक्षण की भावना के विपरीत साबित हो रही है। उक्त जानकारी प्रेस को देते हुए हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन योगेंद्र योगी नेशनल कॉर्डिनेटर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत स्क्रीनिंग, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार झ तीन चरण रखे गए हैं। स्क्रीनिंग में न्यूनतम 25% और मुख्य परीक्षा में 35% अंक की अनिवार्य शर्त ने विशेष रूप से ओबीसी (बीसी ए,
बीसी बी), अनुसूचित जाति (एससी) और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए गंभीर बाधा उत्पन्न कर दी है। इसके परिणामस्वरूप हजारों आरक्षित पद रिक्त रह गए हैं, जो सरकार की भेदभावपूर्ण और असंवेदनशील नीति को दशार्ता है योगी ने नौकरियों का ब्यौरा देते हुए कहा पोस्ट ग्रेजुएट टीचर एवं आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर में स्थिति
कुल 3382 पदों में से केवल 2129 उम्मीदवार ही चयनित हो सके।

## गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पूरब बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क सोनीपत में गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पूरब बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें गुरु के कीर्तनिये भाई साहब भाई संदीप सिंह न्यू जी लैंड वालों ने संगत को कीर्तन से निहाल किया। एवं ढाडी जथा ज्ञानी जितेंद्र सिंह बैंस ने संगत को ढाडी वारों द्वारा गुर इतिहास श्रवण करवाया। उन्होंने संगत को बताया था कि गुरु जी का जन्म पटना साहिब में सालासराय जौहरी की हवेली में 1666 में हुआ। तब उनके पिता श्री गुरु तेग बहादुर साहब असम की यात्रा पर गए हुए थे। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार कुलदीप सिंह ने संगत को गुरु जी के प्रकाश पूर्व की बधाई दी। उन्होंने बताया गुरु जी ने अपने जीवन में मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए 14 जंगे लड़ी।
वह जितने बड़े योद्धा थे उतना ही बड़ी कवि थे उन्होंने अनेक बानियां उच्चारण की। उनके मुख्य रचनाएं जाप साहिब तब प्रसाद सवैया विचित्र नाटक चंडी की वार आदि दशम ग्रंथ में दर्ज हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य सुरेंद्र सिंह गुरजीत सिंह मनजीत सिंह कुलविंदर सिंह जतिंदर सिंह राकेश सचदेवा उरविंदर सिंह विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे

## छात्रों ने भविष्य में करियर की संभावनाओं, भविष्य के लिए तैयारी जाना एवं समझा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में किया गया। प्रमुख वक्ता स्पर्श एकेडमी के बिजनस हेड प्रवीन कुमार की उपस्थिति रही।छात्रों के लिए आयोजित संवादात्मक और रोमांचक सत्र में छात्रों ने निकट भविष्य में करियर की संभावनाओं, भविष्य के लिए तैयारी और विविध आयामों को जाना एवं समझा। वास्तविक जीवन की अंतर्दृष्टि और आकर्षक कहानियों ने छात्रों को प्रेरित किया, दूसरी ओर उनमें जिज्ञासु प्रवृत्ति और बड़े सपने देखने के साथ-साथ अपने भविष्य के लिए स्मार्ट योजना बनाने के



लिए आश्वस्त भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक सहित सभी अध्यापक- अध्यापिका मौजूद रहे।

## कंपनी के स्टोर में हुई लाखों की चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत थाना शहर कनीना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए ट्रांसरेता लाइटिंग लिमिटेड कंपनी के स्टोर में हुई चोरी की बड़ी वारदात को महज कुछ ही घंटों में सुलझाते हुए चोरी किए गए सामान से भरी गाड़ी सहित एक आरोपी मोहम्मद हनीफ कुरैशी निवासी विद्या नगर जेडीओ कॉलोनी जयपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया था।

## गैंगस्टर कल्चर पर निर्णायक प्रहार, अपराध नहीं अब सुधारः आलोक

**जायजा**

उन्होंने जेल में बंद कैदियों के रहन-सहन और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के जेल महानिदेशक आलोक राय का कहना है कि हरियाणा की जेलों में लंबे समय से चले आ रहे गैंगस्टर कल्चर और जेल से संचालित आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव किए



गए हैं। जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सुधारात्मक सोच को प्राथमिकता दी गई है। अब जेल अपराध का अड्डा नहीं, बल्कि सुधार, कौशल विकास और समाज की मुख्यधारा में वापसी का केंद्र बन रही हैं। इसके लिए कैदियों को प्रशिक्षण, काउंसलिंग और रोजगार से जोड? की ठोस योजना लागू की गई है। जेल महानिदेशक आलोक राय शनिवार को जिला जेल का निरीक्षण करने के लिए करनाल पहुंचे थे।
इस दौरान उन्होंने जेल में बंद कैदियों के रहन-सहन, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा इंतजामों और उनके लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जेल में संचालित वोकेशनल ट्रेनिंग, आईटीआई कोर्स और कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी भी अधिकारियों से ली।
मीडिया से बातचीत में जेल महानिदेशक आलोक राय ने बताया कि उनकी नियुक्ति के तुरंत बाद जेलों में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने की रणनीति तैयार की गई। पहले ही सप्ताह में गैंगस्टर और कुख्यात अपराधियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग जेलों में स्थानांतरित किया गया। इस सख्त कदम का असर यह रहा कि जेल से फिरौती मांगने, धमकी देने या मोबाइल के जरिए किसी तरह की आपराधिक गतिविधि की कोई घटना सामने नहीं आई।आलोक राय ने कहा कि गैंगस्टर कल्चर को खत्म करना इसलिए जरूरी था, ताकि युवा पीढ़ी अपराधियों से प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि पहली बार जेलों में गैंगस्टर को भी साफ.सफाई और अन्य सुधारात्मक कार्यों से जोड़ा गया। इससे उनमें अनुशासन बढ़ा और अपराध के प्रति आकर्षण कम हुआ।

## घर में घुसकर चोरी की वारदात करने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।**
थाना सिविल लाइन के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी सेक्टर-13 की टीम द्वारा मुख्य सिपाही बलजीत कुमार की अध्यक्षता में घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सावरा पुत्र रमेश कुमार निवासी चापानेरी, जिला अजमेर (राजस्थान) के रूप में हुई है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता मनीष कुमार पुत्र छबील सिंह निवासी सेक्टर-13, करनाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 दिसंबर को दोपहर के समय दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों द्वारा घर से नगदी, सोने की एक चेन तथा चांदी की मूर्ति चोरी कर ली गई थी।
पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मामले में एक आरोपी को काबू कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी का एक दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी तथा उसके अन्य साथी की जल्द गिरफ्तारी कर चुराए गए सामान की बरामदगी कर मामले का पूर्ण खुलासा किया जाएगा।

## बिना नंबर प्लेट के मिट्टी से भरे हाईवे बिना डर के सड़क पर दौड़ रहे, धूल से बढ़ी परेशानी

**धज्जियां**

- नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए ये वाहन तेज गति से गुजरते हैं,



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर :** शहर में इन दिनों बिना नंबर प्लेट के मिट्टी से भरे हाइवा वाहन आमजन के लिए गंभीर परेशानी और खतरे का कारण बने हुए हैं। खासकर शहर के सबसे व्यस्त रेलवे रोड पर तेज रफ्तार से गुजरते ये भारी वाहन आए दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। हाइवा से उड़ती धूल के कारण दृश्यता कम हो रही है, जिससे दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या पर पुलिस और प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा। रेलवे रोड पर सुबह से देर रात तक मिट्टी से लदे हाइवा लगातार आवाजाही करते देखे जा सकते हैं। इनमें से कई वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं लगी है, जबकि कुछ के नंबर स्पष्ट नहीं हैं। नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए ये वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे सड़क पर चल रहे राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बना रहता है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि हाइवा की तेज रफ्तार और भारी वजन के कारण सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। कई बार अचानक ब्रेक लगने या मोड़ पर तेज गति के चलते दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि धूल के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। लोगों का आरोप है कि परिवहन नियमों के अनुसार बिना नंबर प्लेट, बिना कवर और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन नियमों का पालन नहीं कराया जा रहा। न तो नियमित चेकिंग हो रही है और न ही ओवरस्पीडिंग पर कोई नियंत्रण नजर आ रहा है। इससे वाहन चालकों में भय का माहौल है। मिट्टी ढोने वाले वाहनों को तिरपाल से ढकने, गति सीमा तय करने और उल्लंघन करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाने की मांग की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**पुलिस लगातार करती रहती है जांच, लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी :** जीटी रोड ट्रैफिक चौकी प्रभारी सोहन ने बताया कि पुलिस लगातार समय-समय पर कार्रवाई करती रहती है इसके बावजूद भी जांच की जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी। बिना नंबर प्लेट हाईवे मिलने पर उसका चालान किया जाएगा।

## कैनेडियन डॉलर और जेवर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला के निसिंग कस्बे की एक रिहायशी कॉलोनी में चोरों ने सुनसान मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार धार्मिक यात्रा पर बाहर गया हुआ था और पीछे से मकान का ताला तोडकर चोर अंदर घुस गए। अलमारियां खंगाल कर सोने-चांदी के जेवर, नकदी और कैनेडियन डॉलर चोरी कर ली गई। घटना की सूचना पड़ोसियों के माध्यम से मिली, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।
पीड़िता के अनुसार परिवार 25 दिसंबर की रात करीब 2 बजे फतेहगढ़ साहिब के लिए घर को



ताला लगाकर रवाना हुआ था। अगले दिन 26 दिसंबर की सुबह करीब 11 बजे पड़ोसी का फोन आया कि घर का दरवाजा टूटा पड़ा है। सूचना मिलते ही परिजनों में हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर चकदा निवासी रघबीर सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद पीड़िता दोपहर करीब 3 बजे घर पहुंची।
घर के अंदर अलमारी खुली हुई मिली। अलमारी में रखे करीब 12 तोले सोने के जेवर, 2 लाख 35 हजार रुपए नकद, करीब 1600 कैनेडियन डॉलर और लगभग 50 ग्राम चांदी गायब थी। चोरी की यह पूरी वारदात पड़ोसियों के घर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।
पीड़िता ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर भी चोरी के संबंध में जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन किसी प्रकार का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।
इसके बाद थाना निसिंग में शिकायत दर्ज करवाई गई।

# जहांगीरपुरी मेन रोड़ पर गंदगी का अंबार, लोग परेशानः भारत सिंह राघव

**समस्या**

**संबंधित विभाग नहीं दे रहा है ध्यान, लोग कई दिन से हो रहे है परेशानः भारत सिंह राघव**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः राजधानी** दिल्ली में कई जगहों पर मुख्य मार्गों पर गंदगी का अंबार होने की वजह से वहां से गुजरने वाले लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों जहांगीरपुरी मेन रोड़ ए ब्लॉक के पास का हो रहा है। जहां पर मुख्य रोड़ पर पिछले कई दिनों से गंदगी का अंबार लगा हुआ है, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को बदबू और गंदगी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या पर बोलते हुए आजादपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि इस समस्या पर संबंधित विभाग को तुरन्त ध्यान देना चाहिए। जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

### निगम की लापरवाही से लोग हो रहे है परेशान



**नई दिल्लीः भारत** सिंह राघव ने कहा कि आजादुपर वार्ड में जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर लगे हुए है, लेकिन निगम ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि वैसे तो आजादपुर वार्ड में आजाद जुड़ा हुआ है, लेकिन आजादपुर वार्ड गंदगी से कब आजाद होगा, यह ध्यान देने की आवश्यकता है। मेरी निगम के आलाअधिकारियों से अपील है कि आजादपुर वार्ड में जहां पर भी गंदगी के ढ़ेर लगे हुए है, वहां पर तुरन्त सफाई करवाई जाये, जिससे जनता को स्वच्छ और सुन्दर वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि आजादपुर वार्ड में जगह-जगह आपको आवारा पशु घूमते हुए नजर आ जायेगें। इन पशुओं की वजह से कई बार लोग जोटिल भी हो चुके है, लेकिन संबंधित विभाग इस समस्या पर भी ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि जहांगीरपुरी मेन रोड़ पर भी आवारा पशुओं का जमावड़ा जगह-जगह लगा रहता है, जिस पर भी प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक सशक्त और जिम्मेदार समाज की नींवः विजेंद्र गुप्ता

**उद्घाटन**

**विधायक विजेंद्र गुप्ता ने निगम विद्यालय में नवनिर्मित स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** स्मार्ट कक्षाएं केवल तकनीक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह हमारे बच्चों की प्रतिभा को निखारने और सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था में अभिभावकों का विश्वास पुनः स्थापित करने का माध्यम हैं, यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी सेक्टर-8 स्थित दिल्ली नगर निगम विद्यालय में नवनिर्मित स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन करते हुए कही।
यह पहल दिल्ली नगर निगम द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण वातावरण और नगर निगम विद्यालयों में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सतत प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उद्घाटन समारोह में दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही, शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, निगम के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण, रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नगर निगम विद्यालयों के पुनरुत्थान की आवश्यकता पर बल दिया।

## न्यूज फ्लैश

### अटल स्मृति वर्ष 2025 के अंतर्गत 28 से 31 दिसम्बर के बीच होंगे दिल्ली में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 'अटल स्मृति सम्मेलन'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने घोषणा की है की आज 28 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 के मध्य दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में "अटल स्मृति सम्मेलन" आयोजित किए जा रहे हैं। इस सम्मेलन श्रृंखला का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने विगत 25 दिसम्बर को कस्तूरबा नगर विधानसभा के सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद बाँसुरी स्वराज एवं विधायक नीरज बसोया आदि की उपस्थिति में सम्बोधित कर किया था। अब पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के पदाधिकारी एवं नेता शेष 69 विधानसभा स्तर के सम्मेलनों को सम्बोधित करेंगे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा भाजपा अपने सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है और इन सिद्धांतों के निर्माण एवं पोषण में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्री अटल बिहारी की प्रबल भूमिका रही। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि बदलते समय के साथ पार्टी में नये-नये कार्यकर्ता जुड़ते रहते हैं और ऐसे सभी कार्यकर्ताओं को अटल जी के जीवन के विभिन्न प्रसंगों से अवगत करा कर उनमें संगठात्मक चरित्र निर्मित करने के उद्देश्य से इन "अटल स्मृति सम्मेलनों" का आयोजन किया जा रहा है।

### दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने सुनीं लोगों की शिकायतें, कई समस्याओं का हुआ समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के द्वारा हर सप्ताहांत पर प्रदेश कार्यालय पर आम नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं हल करने के लिए एक कैम्प लगाया जाता है जिसमें दिल्ली सरकार का कोई ना कोई मंत्री आ कर लोगों की समस्याओं को सुन कर समाधान का प्रयास करते हैं। इसी श्रृंखला में शनिवार को दिल्ली के शिक्षा एवं पावर मंत्री आशीष सूद ने कैम्प लगाया और 47 आम नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनमें से कुछ के लिए तुरंत सम्बंधित अधिकारी को फोन कर काम करके उनके सरकारी कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया, तो अनेक अन्य मामलों में पत्र जारी कर सम्बंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करके अथवा जो भी जवाब है वह एक सप्ताह में उनके कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के निर्देश पर मार्च 2025 के पहले सप्ताह से ही हर शनिवार को पार्टी का "सहयोग प्रकोष्ठ" यह कैम्प प्रदेश कार्यालय में आयोजित करता है। सहयोग प्रकोष्ठ संयोजक गुलशन विरमानी के अनुसार गत 10 माह में लगभग 2500 से अधिक लोग अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं का निवारण पा चुके हैं।

# गंदगी के चलते निगम पार्षद को कोस रही है होलंबी कलां की जनता

**एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्लीः नरेला विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले होलंबी कलां वार्ड नंबर तीन स्थित फेज-2 के लोग गंदगी की समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में लगा हुआ कूड़े का ढेर वर्तमान निगम पार्षद और निगम के सफाई कर्मचारी और संबंधित अधिकारियों की कामचोरी को साफ साफ बयां कर रहे है। इसमें वार्ड पार्षद को भी लोग इसका जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। क्योंकि वार्ड में चुनाव जीतने के बाद आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद नेहा मिश्रा क्षेत्र में कभी दिखाई ही नहीं दी है, जिसके चलते लोगों में खासा रोष भी है।







**आलोक, क्षेत्रीय निवासी व समाज सेवी अधिवक्ता ने बताया कि हमारे** क्षेत्र में नालियों की भी सफाई नहीं होती है, मुख्य रास्ते पर जलभराव वार्डवासियों के लिए परेशानी बना हुआ है। वार्ड में पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण घरों का गंदा पानी या तो गलियों में जमा होता



**रोशन लाल, स्थानीय निवासीः** वार्ड में लगा कूड़े का ढेर लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है, जिससे वार्डवासी काफी परेशान हैं। वार्ड में सफाई की बड़ी समस्या है। सफाई कर्मचारी वैसे तो कभी कभी आ रहे हैं लेकिन सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। रास्तों के भी हालात खराब हैं।

**चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से गायब हुई पार्षद**

आपकी जानकारी के लिए बतादें की होलंबी कलां फेज की कॉलोनी में घुसने के लिए भी लोगों को कूड़े के ढेर से होकर गुजरना पड़ता है, तो वहीं स्कूल के मुख्य द्वार पर लगा हुआ कूड़े का ढेर बच्चों के लिए खासा दिक्कत खड़ी कर रहा है। स्कूली बच्चों ने एक्शन इंडिया समाचार पत्र से बातचीत के दौरान बताया कि हमारे स्कूल के सामने कूड़े का ढेर महीनों से लगा हुआ है, जिसकी कभी सफाई नहीं होती है, तो वहीं दूसरे छात्र ने बताया कि इन कूड़े के ढेर से उठने वाली सड़ांध उनके क्लास रूम तक जाती है जिसके चलते पढ़ाई कर पाना भी मुश्किल हो चुका है।

वहीं दूसरी ओर नालियों के हालात भी बुरी हैं। वार्ड की ज्यादातर नालियां कच्ची हैं। जो सफाई के अभाव में गंदगी से अटी हैं।

# सेना में अहीर रेजीमेंट का गठन करें सरकारः विजेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्टीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार सेना में अहीर रेजीमेंट का गठन जल्द से जल्द करें। उन्होंने आगे बताया कि महासभा के द्वारा दिल्ली के जन्तर-मंतर सहित देश के कई राज्यों में अहीर रेजीमेंट की गठन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा चुका है, साथ ही कई बार जागरूकता रैली का भी आयोजन किया जा चुका है और अहीर रेजीमेंट बनाओं जागरूक यात्रा का भी आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने यादव समाज के सम्पन्न लोगों से कहा कि सभी लोग गरीब यादव समाज की मदद करें, जिससे की किसी भी यादव को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि महासभा के द्वारा यादव चिन्तन बैठक सहित कई राज्यों में यादव जागरूकता बैठक का भी आयोजन किया जा रहा है। जिससे यादव अधिक से अधिक संगठित हो सके।

# कुशक रोड़ पर पानी की पाईप लीकेज से सड़कों पर भरा पानी, लोग परेशानः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुशक मुख्य रोड़ पर पानी की पाईप लाईन कई जगहों से लीकेज होने की वह से सड़कों पर पानी भरा रहता है और साथ ही मुख्य रोड़ों का भी बुरा हाल है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि बुराड़ी विधानसभा के कुशक नम्बर-2 गांव व आस-पास के कई गांव और दर्जनों अनाधिकृत कालोनियों में पीने के पानी की 700 एमएम की लाईन कई साल पहले डाली गई थी। जिसकी सप्लाई सिरसपुर के नाम से बने स्वरूपनगर के यूजीआर से की जाती है। लेकिन सप्लाई शुरू अभी करीब दो माह पूर्व की गई है। दुख की बात यह है कि पीने के गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। क्योंकि यह 700 एमएम की लाईन कई जगह से लीकेज है इससे बहुत ज्यादा मात्रा में पानी की बबार्दी हो रही है। यह पानी जहां से निकल रहा है वहां पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिस कारण उन गड्ढो में जमा गन्दा पानी लाईन खाली होने के बाद दोबारा लाईन में चला जाता है और फिर अगले दिन सप्लाई आने पर वह गन्दा पानी लोगों को पीने के लिए मिल रहा है। जिससे यहां के निवासियों को जनजलित बिमारियों का खतरा बना हुआ है।

# मोदी सरकार ने मजदूर और गांव दोनों को किया सशक्तः शिवराज सिंह

**नई दिल्लीः** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण रोजगार, ग्राम पंचायत के अधिकार और मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस सहित विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम पूरी तरह तथ्यों से परे और भ्रामक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने विकसित भारत-जी राम जी योजना के माध्यम से ग्रामीण भारत और मजदूरों के अधिकारों को पहले से अधिक मजबूत किया है, न कि कमजोर। शिवराज सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि कांग्रेस के राज में तो मनरेगा योजना भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी थी।

# नरेला में श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया गया वीर बाल दिवस

**एक्शन इंडिया/सुनील कुमार**
**नई दिल्लीः** दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित नई बस्ती श्री गुरू सिंह सभा गुरुद्वारा में ड्रीम सोशल वेलफेयर कौशल विकास संगठन, टैलेंट ऑफ इंडिया ट्रस्ट व गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा के सांझा कार्यक्रम के तहत वीर बाल दिवस को अलग ही अंदाज में मनाया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर और चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही गुरु गोबिंद सिंह और गुरु तेग बहादुर सिंह की शौर्य गाथा को याद करते हुए फिल्म भी दिखाई गई।
वीर बाल दिवस के मौके पर उपस्थित संगत को बताया कि वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है, जो सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान और वीरता को याद करने के लिए समर्पित है। इन नन्हे शहीदों ने धर्म और सच्चाई के मार्ग पर अडिग रहते हुए मात्र 9 और 6 वर्ष की आयु में दीवार में चुनवा दिए जाने के बावजूद अपने सिद्धांतों को नहीं त्यागा और इसी बलिदान को सम्मान देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरूद्वारा प्रधान सरदार करनैल सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह पदम, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता राजकुमार योगी, उपाध्यक्ष ताराचंद कश्यप, नरेला विकास संगठन महासचिव नौतन दास अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्री निवास वर्मा, महासचिव रोहताश सिंह योगी, सरदार दलजीत सिंह, सरदार रविन्द्र सिंह बजाड़, सुभाष चंद्रा, दिलीप यादव, रजत शर्मा, सोनिया बंसल, ज्योति रूहल, विरेन्द्र सिंह, शीला विनोद सहरावत, सतपाल खत्री, सरदार श्रवण सिंह, ध्रुव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने चार साहिबजादो को नमन किया।



# जीएसटीए ने खटखटाया न्यायालय का दरवाजाः अजय वीर यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः राजकीय** विद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव अंतिम चरण में पहुँच चुके थे, जिन्हें 01 दिसंबर को शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा एकतरफा रूप से रद्द कर दिया गया। इस आदेश के विरुद्ध जीएसटीए द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया, जिस पर न्यायालय ने स्पष्ट एवं बाध्यकारी आदेश पारित करते हुए कहा कि जिन शिक्षकों ने स्वेच्छा से सदस्यता नहीं ली थी, उन्हें 10 दिनों की अवधि में सदस्यता वापस लेने का अवसर दिया जाए। इस हेतु निर्वाचन अधिकारी द्वारा तत्काल सर्कुलर जारी किया जाए, तथा प्राप्त आवेदनों के आधार पर अगले 3 दिनों के भीतर जीएसटीए द्वारा सदस्यता शुल्क की वापसी सुनिश्चित की जाए। उच्च न्यायालय के इन स्पष्ट निदेशों के अनुसार यह संपूर्ण प्रक्रिया 22 दिसंबर तक पूर्ण होनी थी। किन्तु 22 दिसंबर को निर्वाचन अधिकारी द्वारा मात्र एक ई-मेल जारी किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संजय खत्री का 58वां जन्मदिन

**एक्शन इंडिया/सुनील कुमार**
**नई दिल्लीः** नरेला विधानसभा क्षेत्र के रामदेव चौक स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रधान संजय खत्री का 58वां जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान काफी लोगों और अन्य समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों व राजनीति से जुड़े लोगों ने भी उनको बधाई दी। इस मौके पर उनका फूल माला व पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया।
काफी लोग उनके आवास पर पहुँचे और उन्हें फूल-बुके उपहार व गिफ्ट भेंट किए और उनकी लंबी आयु होने की कामना की। इसके अलावा संजय खत्री को व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, ट्विटर व इंस्टाग्राम के माध्यम से भी सैकड़ों लोगों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजी। फोन कॉल के द्वारा भी सुबह से लेकर रात तक उन्हें बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। संजय खत्री एक सुप्रसिद्ध समाज सेवी भी है और उनके द्वारा समाज हित में अनेकों कार्य किए जाते हैं। समाज का हर कोई व्यक्ति संजय खत्री के कार्यों की सराहना कर रहा है और उनसे प्रेरणा लेने की बात कह रहा है। तो वहीं संजय खत्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह लोगों का प्यार ही हमारे साथ है। हमेशा रहा है और हमेशा रहेगा तथा काफी समर्थकों के बीच धूमधाम से जन्मदिन मनाते हुए उन्होंने सबका शुक्रिया किया और कहा कि आप सब हमारी शक्ति हैं। हमारे हर कार्य में हमारा सहयोग करने के लिए हमारे साथ खड़े होने के लिए आप सभी का दिल से शुक्रिया करते हुए और आप लोगों का साथ दिन प्रतिदिन इसी प्रकार से हमारे साथ बना रहे।





# विभिन्न कला क्षेत्र की 17 विभुतियों को प्रदान किये गये अटल सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एतिहासिक भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में द्वादशम राष्ट्रीय 'अटल सम्मान समारोह' व प्रसिद्ध संगीतमय अटल गाथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अटल सम्मान समारोह ट्रस्ट द्वारा किया गया।
इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक अजय भाई ने संगीतमय अटल गाथा का आयोजन कर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होनें अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को उनकी कविताओं और स्मृतियों का संगीतमय पाठ कर लोगों का खूब मन मोहा। साथ ही कार्यक्रम के आयोजक भुवनेश सिंघल ने अटल संवाद के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के साथ समय बिता चुके सत्यनारायण जटिया से संवाद किया जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन के छुए-अनछुए अनेक पहलु जनता के सामने आए और अटल जी को एक नये तरीके से जानने का अवसर सभी श्रोताओं को मिला।
माता सीता पर आधारित भुवनेश सिंघल द्वारा लिखित पुस्तक 'श्री जानकी' का लोकार्पण मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया।



# सांसद वरुण का कालका, पिंजौर क्षेत्र में तूफानी दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर/मैनपाल**
**अंबाला** लोकसभा के सांसद वरुण चौधरी ने पिंजौर, कालका क्षेत्र का तूफानी दौरा किया और लोगों की समस्याएं भी सुनी। वरुण चौधरी ने स्थानीय सूरजपुर रामपुर सियुड़ी में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया, गांव गणेशपुर देवी मंदिर भोगपुर जिला परिषद अध्यक्ष सुनील शर्मा के निवास पर लोगों की समस्या सुनी उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भी लोगों की समस्या सुनी और बाद में उन्होंने गगन कुमार के निवास पर जाकर उनके पिता भूपेंद्र सिंह जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उधर पिंजौर के तीन कार्यक्रमों में सांसद वरुण चौधरी के साथ पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव विजय बंसल एडवोकेट, जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय चौहान, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता मान, कांग्रेस पूर्व महासचिव मनवीर कौर गिल, पूर्व सरपंच योगेंद्र ठाकुर, नगर परिषद



पार्षद सीमा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेश कोना, चंचल शर्मा, सचिन शर्मा, भीमसेन पूर्व सरपंच, बलवंत, नेत्रपाल, मामू, प्रकाश गोस्वामी, प्रीतम भींवर सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। नगर परिषद के वार्ड 18 स्थित सूरजपुर रामपुर सियुड़ी में लोगों ने सांसद वरुण चौधरी को अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि उनकी सभी कॉलोनीयों को रेगुलर करवाया जाए, कॉलोनी में श्मशान घाट नहीं है, पार्क नहीं है, महादेव कॉलोनी में लोगों के घरों का गंदा पानी का नाला बंद कर दिया गया है वहां भी पानी की निकासी की मांग की। पार्षद सीमा देवी ने कहा कि जब से नगर परिषद पिंजौर, कालका का गठन हुआ है तभी से उनके वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा अधिकारी कहते हैं यह कॉलोनी अवैध है, 2 वर्ष पूर्व कौशल्या नदी में आई बाढ़ से बहे मकानो का लोगों को मुआवजा नहीं मिला। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि वे लोगों की समस्याओं को सदन में उठाएंगे और उन्हें सरकार और अधिकारियों तक पहुंचा कर उनका

**जन समस्या**

**सांसद वरुण चौधरी ने पिंजौर, कालका क्षेत्र का तूफानी दौरा किया और समस्याएं भी सुनी**

समाधान करवाने का प्रयास करेंगे और सांसद निधि फंड से भी विकास करवाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों ने जो जो मांगे रखी है वैसे भी जायज हैं उनके जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। वरुण चौधरी ने कहा कि वह हमेशा लोगों के बीच में ही रहते हैं और लोगों की समस्याएं सुनते हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए वह सांसद निधि फंड से ग्रांट भी देंगे। उधर कांग्रेस नेता विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सूरजपुर, रामपुर सियुड़ी, महादेव कॉलोनी में धर्मशाला गलियों का निर्माण हुआ, पानी के पांच ट्यूबवेल लगे पानी की टंकी बनी उस समय काफी विकास कार्य हुए। लेकिन बीजेपी सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई काम नहीं किया हमने हाई कोर्ट तक लोगों की लड़ाई लड़ी की उनके मकानों को ना तोड़ा जाए। विजय बंसल ने सरकार से मांग की कि जैसे हरियाणा सरकार ने नगर परिषद नगर पालिका क्षेत्र में 20 वर्ष से दुकान चला रहे लोगों को मालिकाना हक देने का नियम बनाया उसी तर्ज पर नगर परिषद पिंजौर, कालका की सभी अवैध कॉलोनी को रेगुलर किया जाए और पिछले 50-60 वर्षों से नगर परिषद कि जमीन पर मकान बनाकर रह रहे गरीब लोगों को भी मालिकाना हक दिया जाए। विजय बंसल ने कहा कि वरुण चौधरी हमेशा लोगों से मिलकर उनकी बात सुनते हैं और एचएमटी ट्रैक्टर प्लांट को दोबारा चालू करने का मामला भी उन्होंने लोकसभा में उठाया था।

## वीर बाल दिवसः पेंटिंग, खेल इत्यादि प्रतियोगिताएँ करवाई गई




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला पानीपत में कार्यरत बाल देखरेख केन्द्रो एवं ओपन शैल्टर होम (सृष्टि कल्याण समिति) में गत दिवस वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पानीपत जिला बाल सरंक्षण अधिकारी निधि गुप्ता द्वारा केंद्रों, होम में उपस्थित बच्चों को वीर बालको के बलिदान, साहस और देशभक्ति की भावना से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यालय द्वारा जारी निदेर्शानुसार टीम बिल्डिंग एक्टिविटी, शेयरिंग एण्ड कॉआपरेशन गेम में बच्चों द्वारा ड्राइंग गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यो, वीरता की भावना को विकसित करना रहा। इसके अतिरिक्त जिला पानीपत में कार्यरत आँगनवाड़ियों में भी पेंटिंग, खेल इत्यादि प्रतियोगिताएँ करवाई गई।

**न्यूज फ्लैश**

## साइबर जागरूकता व यातायात के नियमों बारे में छात्राओं को पुलिस ने दी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, यातायात के नियमों, महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों व साइबर अपराध बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ़ ने थाना क्षेत्र सरकारी पीजी कालेज नारायणगढ़ में छात्राओं को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव, स्वच्छता, पौधारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, रक्तदान व यातायात के नियमों की पालना बारे जानकारी दी। डॉयल-112 एप्प बारे महिलाओं व आमजन को जानकारी देकर मौका पर ही डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया तथा ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस बारे भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बतलाया कि छात्राएँ/कामकाजी महिलाएँ निसंकोच होकर किसी भी समय डॉयल-112 या महिला महिला हेल्पलाइन नं0 1091 पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकती है। पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि नशा समाज का शत्रु है नशा सिर्फ शरीर को बीमार नहीं करता, यह परिवार को तोड़ता है और समाज में अपराध व हिंसा को जन्म देता है। जब युवा नशामुक्त होंगे तभी समाज अपने आप भयमुक्त और सुरक्षित बनेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डॉयल-112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस, साईबर अपराध, व यातायात के नियमों बारे विशेष जानकारी देना हैं जिससे गाँवों व कस्बों से आने वाली छात्राओं/कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके व आमजन को यातायात के नियमों और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देकर उन्हें जागृत किया जा सके।

## मानवता भलाई का कार्य कर मनाई सालगिरह

**पानीपत. ( कमल चौधरी )** मतलौडां गांव के ब्लाक प्रेमी सेवक -साहाब सिंह इन्सॉ ने अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर जिंदगी में 47 वीं बार खुनदान कर मानवता भलाई का कार्य किया।साहाब सिंह इन्सॉ ने बताया कि वो हर तीसरे महीने खुनदान करते हैं और अभी तक 46 बार खुनदान कर चुके हैं । उन्होंने बताया है कि वो सड़कों पर मरे हुए रास्ते में पड़े कुत्तों को भी दफनाते है ताकि किसी का एक्सीडेंट ना हो ज़िन्दगी में अभी तक सड़कों पर मरे हुए लगभग 170 कुत्तों को दफना चुके हैं ।ये सभी कार्य डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत डाक्टर गुरमीत राम रहीम



सिंह जी की प्रेरणा पर चलते हुए कर रहे हैं।

## जागरूकता शिविर एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः श्री** जगजीत सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत के निर्देशानुसार तथा प्रचेता सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत की देखरेख में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं पर्यावरणीय साक्षरता पहल आज सुरक्षा करें, कल सुरक्षित रहें के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,



तिहाड़ बागड़ू, जिला सोनीपत में संपन्न हुआ। उक्त जागरूकता शिविर का आयोजन पैनल अधिवक्ता सुश्री रीता धनखड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक किया गया। पैनल अधिवक्ता सुश्री रीता धनखड़ ने बताया कि बाल विवाह समाज के विकास में बाधक हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यार्थियों ने पर्यावरण की रक्षा करने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने तथा आज सुरक्षा करें, कल सुरक्षित रहें के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधिक एवं सामाजिक रूप से जागरूक बनाकर एक बाल विवाह मुक्त, पर्यावरण-संरक्षित एवं सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना रहा। पैनल अधिवक्ता सुश्री रीता धनखड़ ने ठअछरअ एवं की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत द्वारा निःशुल्क पैनल अधिवक्ता प्रदान किया जाता है।

## हिमगिरि पब्लिक स्कूल में इंटर-हाउस खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

**समालखाः 27 दिसम्बर (संजय नरवाल)** हिमगिरि पब्लिक स्कूल, समालखा में स्पर्धा इंटर-हाउस खेल प्रतियोगिताओं का सफल एवं भव्य आयोजन आठ दिसंबर से सत्ताईस दिसंबर 2025 तक किया गया। इस खेल महोत्सव में कक्षा चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूरजभान,सरपंच गढ़ी भलौर,भारतीय किसान यूनियन, जिला पानीपत के प्रधान के करकमलों द्वारा माता सरस्वती के



समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष श्री राजबीर राठी (रिटायर्ड उ्ट. ऊए.ड.), विद्यालय प्रबंधक विजयलक्ष्मी राठी,प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप-प्रधानाचार्य श्रीमती रितु लठवाल,ए.ओ. श्री रामनिवास पांचाल सहित व समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।प्रतियोगिताओं की शुरूआत आठ दिसंबर 2025 को जूनियर वर्ग से हुई, जिसमें खो-खो, कबड्डी, टग ऑफ वॉर, ट्रायल रेस एवं ड्रिल अभ्यास आयोजित किए गए।
नौ दिसंबर को मिडिल वर्ग तथा दस दिसंबर को सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न टीम गेम्स संपन्न कराए गए।

## लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों द्वारा नेचुरल सिटी गैस के नाम पर 18.50 लाख की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अपुर्व मिश्रा पुत्र अजय मिश्रा निवासी बरेली, उत्तर प्रदेश हाल निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है।
शनिवार को थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता अभिमन्यु पुत्र मखनलाल निवासी रत्ताखेड़ा, जिला फतेहाबाद, द्वारा पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

## सोना इंटरनेशनल स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** सोना इंटरनेशनल स्कूल में वीर बाल दिवस को अत्यंत श्रद्धा, गंभीरता एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय साहस, त्याग और अटूट आस्था से अवगत कराना तथा उनके बलिदान के महत्व को समझाना था। विद्यालय में आयोजित विशेष गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को साहिबजादों के जीवन, उनके संघर्ष और बलिदान की ऐतिहासिक महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों द्वारा कथा-वाचन, चर्चा सत्र एवं दृश्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों को यह समझाया गया कि किस प्रकार कम आयु में भी साहिबजादों ने सत्य, धर्म और मूल्यों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। विद्यालय परिसर में स्मरण स्वरूप मौन रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भावपूर्ण

**बलिदान**

**साहिबजादों के अद्वितीय साहस,से अवगत कराना तथा उनके बलिदान के महत्व को समझाना था**

सम्मान प्रकट किया। विद्यार्थियों ने प्रार्थना एवं विचार अभिव्यक्ति के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए, जिससे पूरे वातावरण में संवेदना और सम्मान की भावना दृष्टिगोचर हुई। सोना इंटरनेशनल स्कूल का मानना है कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, करुणा, साहस और देशभक्ति की भावना का विकास करते हैं। विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। वीर बाल दिवस का यह आयोजन विद्यालय की उस सोच को प्रतिबिंबित करता है।

## इंद्री में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के चीफ मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया का भव्य स्वागत

**इंद्री 27 दिसम्बर (मैनपाल कश्यप)** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के चीफ मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया जी के इंद्री आगमन पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व आईटी सेल विधानसभा प्रमुख मनु काम्बोज बयाना ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं व कार्यकताओं ने बुके भेंट कर श्री कटारिया का अभिनंदन किया। इस



अवसर पर सुदेश कटारिया ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा में सभी वर्गों का समान रूप से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विपक्ष वोट चोरी जैसे निराधार आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अब जनता समझदार है और उनके झूठे प्रचार में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारें दलित समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती थीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने दलितों को सम्मान, अधिकार और न्याय दिलाने का कार्य किया है।

## डीएवी विद्यालय में शहादत को समर्पित कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** डीएवी विद्यालय में दिनांक 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए अत्यंत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में वीर बाल दिवस मनाया गया। यह चार दिवसीय आयोजन विद्यार्थियों में धर्म, देश और त्याग की भावना को जागृत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के माध्यमिक स्तर तक के सभी विद्यार्थियों को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित एक ज्ञानवर्धक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम



से विद्यार्थियों को गुरु परंपरा, बलिदान, साहस और राष्ट्रधर्म की महत्ता से परिचित कराया गया, जिससे बाल मन श्रद्धा और गौरव से भर उठा। दिनांक 26 दिसंबर को विद्यालय के कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों को भारत मंडपम, नई दिल्ली से प्रसारित वीर बाल दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओजस्वी एवं प्रेरणादायक संबोधन सुना। इसी क्रम में विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान साहिबजादों की शहादत पर आधारित एक प्रभावशाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, प्रश्नोत्तरी का संचालन करते हुए गौरी वन्दना एवं अपिन्दर कौर ने प्रश्नों के साथ-साथ उनसे जुड़ी ऐतिहासिक कथाओं और प्रसंगों का भी उल्लेख किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने इस संपूर्ण आयोजन में विशेष रुचि प्रकट करते हुए दिनांक 27 दिसंबर को प्री-प्राइमरी विभाग के बाहर साहिबजादों की स्मृति में कढ़ी-चावल के लंगर की व्यवस्था करवाई। इस अवसर पर उन्होंने साहिबजादों की शहादत के प्रति अपनी गहन श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## खरखौदा विकास रैली को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा की अनाज मंडी, में आयोजित होने वाली खरखौदा विकास रैली को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस विकास रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। रैली की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने आयोजन नई अनाज मंडी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच एवं पंडाल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच, वीआईपी गैलरी, मीडिया गैलरी, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल सुविधा, बिजली



आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की उपलब्धता, एंबुलेंस व मेडिकल सुविधा तथा सुरक्षा प्रबंधों की बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं। इसके पश्चात अतिरिक्त उपायुक्त ने एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, रोडवेज, फायर ब्रिगेड सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, डीसीपी कुशल सिंह, एसएमडीए की एडिशनल सीईओ वीना हुड्डा, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र , एसीपी जीत सिंह बेनीवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान रैली से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की विभागवार समीक्षा करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि जिस भी अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूरी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन व प्रस्थान मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित एवं सुचारू रखा जाए। यातायात व्यवस्था को लेकर वैकल्पिक मार्गों की पूर्व योजना तैयार करने, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग स्थलों पर कर्मचारियों की तैनाती तथा आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, मेडिकल स्टाफ एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि रैली के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगर परिषद को विशेष निर्देश देते हुए आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई, कूड़ा प्रबंधन एवं शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी का शिकार बनाने वालों से रहें सावधानः एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि डिजीटल युग में साइबर अपराध हम सब के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। साईबर अपराध से बचने के लिए जागरुकता ही एकमात्र उपाय है। प्रायः देखने में आया है कि एटीएम मशीन से रुपए निकवाते समय बुजुर्ग या भोले-भाले (एटीएम कार्ड की पूर्ण जानकारी ना रखने वाले) व्यक्ति अक्सर अपरिचित व्यक्ति को एटीएम मशीन से रुपए निकलवाने के लिए अपना एटीएम कार्ड देकर मदद करने के



लिए बोलते है जो शातिर ठग एटीएम कार्ड बदल कर उन्हें ठगी का शिकार बना लेते हैं, जिससे व्यक्ति को आर्थिक क्षति के साथ-साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आमजन से पुनः अपील करते हुए कहा कि ऐसे शातिर ठगों से बचने के लिए बुजुर्ग व भोले-भाले (एटीएम मशीन बारे पूर्ण जानकारी ना रखने वाले व्यक्ति) हमेशा घर से अपने सहयोगी को साथ लेकर एटीएम मशीन से रुपए निकलवाने के लिए जाएँ और रुपए निकलवाते समय किसी अनजान व्यक्ति को एटीएम कक्ष में ना आने दें।
जागरुक रहकर ही आमजन अपनी मेहनत की कमाई को इन शातिर ठगों से सुरक्षित रख सकते है। इसी तरह किसी भी प्रकार का आर्नलाईन लेनदेन बड़ी ही सावधानीपूवर्क करें ताकि नागरिक किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बच सके।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 दिसंबर 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# योगी सरकार में महिलाओं के सपनों को उड़ान, योजनाओं से आएं बदलाव

**यूपी मॉडल**

**□ महिलाओं के लिए योगी सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं ने देश में सफलता का दमदार यूपी मॉडल प्रस्तुत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं ने देश में सफलता का दमदार यूपी मॉडल प्रस्तुत किया है। महिलाओं की सुरक्षा और विकास अब केवल योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि एक ठोस सामाजिक परिवर्तन का दस्तावेज बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले एक साल में प्रदेश में महिलाओं, किशोरियों और बालिकाओं के जीवन में जो बदलाव आए हैं, वे आंकड़ों में भी दिखते हैं और जमीन पर भी। यह बदलाव सिर्फ सहायता का नहीं, बल्कि सुरक्षा, स्वावलंबन, सम्मान और अवसर का है।

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का क्रांतिकारी प्रभाव**

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष कुल 13612 गतिविधियों के माध्यम से 25.5 लाख महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया गया है। इसका उद्देश्य बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंग-चयन की प्रक्रिया को समाप्त कर बालिकाओं को सुरक्षित करना और बाल लिंग अनुपात में सुधार लाना है। इस योजना ने शिक्षा के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बालिकाओं से जुड़े विषयों यथा सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य आदि के संबंध में जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ने दी मजबूती**

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना योगी सरकार की सबसे प्रभावशाली योजनाओं में शामिल हो चुकी है। इस वर्ष योजना के अंतर्गत 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि से 3.28 लाख कन्याओं को लाभान्वित किया गया। जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में मिलने वाली सहायता ने बेटियों के प्रति सामाजिक सोच को बदला और बालिका शिक्षा को नई मजबूती दी।

**निराश्रित महिलाओं के लिए आर्थिक संबल**

निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 38.58 लाख महिलाओं को नियमित मासिक सहायता दी जा रही है। इस वर्ष योजना पर लगभग 1200 करोड़ रुपये रुपये खर्च हुए हैं। अभी हाल ही में पेश हुए अनुपूरक बजट में भी इस योजना के लिए लगभग 535 कोरड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार की इस योजना से विधवा, परित्यक्ता और असहाय महिलाओं को सम्मानजनक जीवन का आधार मिला। पारदर्शी चयन प्रक्रिया और डीबीटी व्यवस्था ने यह सुनिश्चित किया कि लाभ सीधे वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष के अंतर्गत इस साल 3519 पीड़ित महिलाओं को लगभग 116.36 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गई।

**मिशन शक्ति से महिलाओं को मिला सुरक्षा कवच**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान के उद्देश्य से चलाई जा रही मिशन शक्ति अपने पांचवें चरण में है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लगभग 9 करोड़ लोगों तक पहुंचकर उन्हें प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं तथा कानूनों के बारे में संवेदनशील करने का प्रयास किया है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग, गृहविभाग सहित 28 विभागों, समाज सेवी संस्थाओं तथा शैक्षणिक सस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

स्थानीय प्रशासन तथा जनसामान्य के मध्य दूरी को कम करने तथा महिलाओं को खुलकर अपनी समस्यायें व सुझाव रखने के लिए हक की बात जिलाधिकारी के साथ और "स्वावलंबन कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक हो रहा है।

**महिलाओं को मिल रहा है त्वरित न्याय**

हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सा, कानूनी परामर्श और पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश में 75 से अधिक वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं। इस साल 24671 महिलाएं इन केंद्रों से सहायता प्राप्त कर चुकी हैं। यह व्यवस्था महिला सुरक्षा के मामले में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का सफलतम उदाहरण है।

## लखनऊ में पुलिस मंथनः योगी ने किया यक्ष ऐप का लोकार्पण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन पुलिस मंथन-2025 चल रहा है। दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसमें साइबर अपराध, मानव तस्करी, सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों सहित कानून-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री के आगमन पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण, एडीजी पीएसी राम कृष्ण स्वर्णकार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर परंपरागत गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन के बीट पुलिसिंग सत्र में मुख्यमंत्री ने यक्ष ऐप लॉन्च किया। यक्ष ऐप का लोकार्पण डिजिटल बीट-बुक, जो बीट कर्मियों के दैनिक कार्यों को सरल, सुव्यवस्थित और अधिक प्रभावी बनाएगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एडीजी क्राइम एस.के. भगत के नेतृत्व में कार्य समस्याओं तथा व्यावहारिक समाधान पर प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम को लेकर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को कहा था पुलिस मंथन केवल एक औपचारिक सम्मेलन नहीं है, बल्कि यह भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई एक सुविचारित और लक्ष्य-आधारित पहल है, जिससे उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। पुलिस मंथन 2025 में कुल 11 विषयगत सत्रों के माध्यम से 11 वरिष्ठ नोडल आईपीएस अधिकारियों एवं उनके सहयोगी 45 पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिए।



# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्माणाधीन टनल का किया निरीक्षण

**दिशा-निर्देश**

**□ अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को आपस में जोड़ने वाली निर्माणाधीन टनल (म्यूज़ियम सब-वे) का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित इस निमार्णाधीन टनल के निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को परियोजना की वर्तमान स्थिति और प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य समयबद्ध और बेहतर तरीके से पूरा होना चाहिए। टनल के बन जाने से पर्यटक बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर अवलोकन कर सकेंगे, जिससे लोगों की सुविधा बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि टनल का निर्माण इस प्रकार कराया जाए, जिससे नेहरू पथ पर यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**पुनर्विकसित आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैंपस की प्रगति की समीक्षा**

टनल निरीक्षण से पूर्व मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं ऑफिसर्स हॉस्टल कैंपस के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

अधिकारियों ने साइट प्लान के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया कि यहां 11 मंजिला बहुमंजिला भवन का निर्माण किया जाना है।

## महेंद्रगढ़ पुलिस ने गांव चेलावास में ग्रामीणों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा समाज को अपराध मुक्त और नशा मुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महेंद्रगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना शहर कनीना के अंतर्गत आने वाले गांव चेलावास का दौरा किया। गांव की धर्मशाला में आयोजित इस विशेष जागरूकता शिविर में पुलिस टीम ने समाज के सभी वर्गों के लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया।

# 'सांभर महोत्सव' का हुआ भव्य शुभारंभ



**अवलोकन**

**□ महोत्सव का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विदेश के पर्यटकों की मौजूदगी में किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान पर्यटन को नई पहचान देने वाले पांच दिवसीय सांभर महोत्सव का शनिवार को झपोक में भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित देश-विदेश के पर्यटकों की मौजूदगी में किया। यह महोत्सव 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर आशीष कुमार, सांभर एसडीएम ऋषि राज कपिल, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग, जयपुर जिला प्रशासन एवं सांभर नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उद्घाटन के बाद क्राफ्ट एवं फूड स्टॉल्स का भ्रमण किया और कलाकारों व हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने डाक कार्ड (पोस्टल कार्ड) का विमोचन भी किया तथा पतंग प्रदर्शनी और फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दिया कुमारी ने सांभर महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष फेस्टिवल का आयोजन पिछले वर्ष की तुलना में और भी बड़े स्तर पर किया गया है तथा अगले वर्ष इसे और भव्य रूप दिया जाएगा। उ

## महिला क्रिकेट टीम ने कपिल के शो पर धमाल मचाया

**नई दिल्ली।** इस शनिवार, शानदार जीत के बाद, भारत की महिला क्रिकेट टीम जश्न मनाने के लिए इन ब्लू स्टेडियम छोड़कर नेटफ्लिक्स पर कपिल शर्मा के मजेदार शो मास्टिवर्स में नजर आएगी।

भारत के पसंदीदा कॉमेडी शो के सोफे पर बैठकर टीम मस्ती करती दिखेगी। लगभग पूरी टीम पहली बार साथ नजर आएगी; कुछ खिलाड़ी नहीं भी होंगे, तो भी हंसी-मजाक, टांग खींचना और और मजेदार बातें माहौल को शानदार बना देंगी।

# सर्वसमाज के हितों को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी चौधरी देवीलाल नेः अभय

**जनसेवा की**

**□ चौधरी देवीलाल ने सभी वर्गों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सर्वोच्च रखा: अभय**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल ने सदैव किसान, कमेरे, गरीब, नौजवान सहित सभी वर्गों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सर्वोच्च रखा और हमेशा उनके लिए कार्य किया। यही वजह है कि पूरे देश की राजनीति में उनका एक अलग नाम व अलग छवि है। वे शनिवार को जिले के गांव पन्नीवाला मोटा में चौधरी देवीलाल की प्रतिमा का अनावरण करने के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए किसानों के न केवल कर्जे माफ किए बल्कि उनकी फसलों के उचित भाव दिलवाए। साथ ही प्रदेश में हरिजनों के लिए गांव गांव चौपालों का निर्माण करवाकर उन्हें सामाजिक रूप से लाभान्वित किया। वृद्धों के लिए पेंशन का प्रावधान व घुमंतु जाति के बच्चों को शिक्षित करने के लिए उन्हें प्रतिदिन स्कूल जाने पर एक रुपया देने, किसानों के खेतों से मंडियों तक फसल ले जाने वाले ट्रेक्टरों को व्यवसायिक वाहनों की श्रेणी से हटवाकर उन्हें गड्डा घोषित करने सहित अनेकानेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया कि समाज का हर वर्ग उससे लाभान्वित हुआ। उन्होंने कभी भी राजनीतिक पदों का लालच नहीं किया और इसीलिए उन्होंने प्रधानमंत्री पद ठुकराकर बतौर उपप्रधानमंत्री रहते हुए देशवासियों की सेवा की। वे कहा करते थे राजनीति जनसेवा का सबसे सशक्त माध्यम होता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. ओमप्रकाश चौटाला ने पांच बार प्रदेश की सेवा की बागड़ोर संभाली और चौधरी देवीलाल की नीतियों व सिद्धांतों को आगे बढ़ाया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से बदला सन्ना निवासी दिव्यांग राजेश राम का जीवन




**जमीनी असर**

**□ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी असर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर/एस कुमार**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के जीवन में सकारात्मक और स्थायी बदलाव ला रही हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत सन्ना निवासी दिव्यांग नागरिक राजेश राम के लिए आश्रय ही नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का आधार बन गई है। पैर से दिव्यांग राजेश राम कपड़ा सिलाई कर अपने परिवार का जीवनयापन करते हैं। इससे पूर्व वे मिट्टी के कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे, जहां बारिश, ठंड और बार-बार मरम्मत की समस्या उनके लिए बड़ी चुनौती बनी रहती थी। विषम परिस्थितियों में सुरक्षित आवास का अभाव उनके दैनिक जीवन को और कठिन बना देता था। वर्ष 20240-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्हें 1 लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। इस सहायता से उन्होंने अपने लिए एक सुरक्षित, टिकाऊ और सुविधासंपन्न पक्का आवास निर्मित कराया। नए घर के निर्माण के बाद अब उनका परिवार मौसम की मार से सुरक्षित है और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहा है। राजेश राम का कहना है कि दिव्यांग होने के कारण कच्चे मकान की मरम्मत और कठिन मौसम में स्वयं की सुरक्षा एक बड़ी समस्या थी, लेकिन पक्का घर मिलने के बाद उनकी सभी चिंताएं दूर हो गई हैं।

# रामराज कॉटन ने अपनी प्रीमियम पेशकश का किया विस्तार

**पहचान**

**□ रामराज व्हाइट का सिग्नेचर ब्राइट व्हाइटन अब ब्रांड की अपनी एक अनूठी पहचान बन गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रामराज कॉटन, भारत में पारंपरिक पुरुष परिधानों का एक प्रतिष्ठित नाम, जिसने दशकों से सफेद रंग की सदाबहार सुंदरता और गरिमा को संजो कर रखा है। रामराज व्हाइट अपनी ब्राइटनेस के लिए मशहूर है और इसकासिग्नेचर ब्राइट व्हाइटन अब ब्रांड की अपनी एक अनूठी पहचान बन गया है। शेड, क्वॉलिटी और फिनिश में अटूट स्थिरता के साथ, ब्रांड उद्योग में एक सबसे व्यापक व्हाइट फैब्रिक पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें 500 से अधिक वैरायटीज हैं जो 100% कॉटन, गीजा ब्लेंड्स, लिनेन कॉटन, पॉली विस्कोस, 100% गीजा कॉटन, शुद्ध लिनेन, पेपर फिनिश के साथ कॉटन और 100% सुपिमा कॉटन को कवर करती हैं। नए फैब्रिक कलेक्शन के बारे में, के.आर. नागराजन, रामराज कॉटन के फाउंडर और चेयरमैन, ने कहा, रामराज कॉटन में हमारा उद्देश्य हमेशा से पारंपरिक शिल्प कौशल की जड़ों से जुड़े रहना रहा है, साथ ही हम दुनिया की सबसे प्रीमियम और सम्मानित कॉटन किस्मों को शामिल कर अपनी पेशकश को लगातार बेहतर बना रहे हैं। आज जब भी लोग शुद्ध कॉटन या सफेद कपड़ों के बारे में सोचते हैं, तो उनके मन में स्वाभाविक रूप से रामराज का नाम आता है।



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से लोकभवन में स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के नव नियुक्त कुलगुरु डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे ने मुलाकात की।

# अटलजी के जन्मशती वर्ष में मध्य प्रदेश का हो रहा अभ्युदय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव





**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशती वर्ष मना रहे हैं। अटल जी के जन्मशती वर्ष में ही मध्य प्रदेश का रीयलस्टिक डेवलपमेंट (अभ्युदय) हो रहा है। हम मध्य प्रदेश में सरकार नहीं, परिवार चलाते हैं। प्रदेश के हर घर को परिवार मानकर जनहित के निर्णय ले रहे हैं। हमारे निर्णयों में अंत्योदय भी है और ग्रामोदय भी। सतना जिला भगवान श्रीराम की कर्मभूमि रहा है। इसलिए हमारी सरकार चित्रकूट को भव्य और दिव्य धाम के रूप में विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतना को स्मार्ट सिटी योजना की सौगात देकर विकास कार्यों की गंगा बहा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना के आईएसबीटी परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 31 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित आईएसबीटी का लोकार्पण किया और इसका नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राज्यीय बस अड्डा करने की घोषणा की। अटल जी राजनीति में शुचिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र, धर्म और जनकल्याण के लक्ष्यों को लेकर सरकार चलाई। भारतीय संसद में 50 वर्षो तक अटल जी की निर्भीक वाणी गूंजती रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना में आईएसबीटी बन चुका है। राज्य सरकार की भी पूरी तैयारी है कि नए साल से प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के नाम से प्रदेश के गांव-गांव तक सस्ती और सुविधाजनक बस परिवहन सेवा प्रारंभ कर दी जाएंगी। शहरों में लग्जरी बसें चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि सतना विमानतल की एयरस्ट्रिप की वर्तमान लंबाई बढ़ाकर अब 1800 मीटर तक की जाएगी, जिससे यहां जेट विमान भी उतर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना जिले का कोना-कोना सिंचित किया जाएगा। बरगी नहर परियोजना का पूरा लाभ सतना जिले को मिलेगा। इससे यहां की डेढ़ लाख हैक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी।